


# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 29 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 10 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 349 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं

'स्त्री-2'की सफलता के बाद नए घर में शिफ्ट होंगी श्रद्धा कपूर ◀◀ 6





अनुबंध आधारित

# सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (CHO)

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह



**आवश्यक सूचना**

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एंबुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने हेतु राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी हेतु 24X7 नि:शुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री बन्ना गुप्ता**

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग और खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

दिनांक: 29 अगस्त 2024 | समय : अपराह्न 12:00 बजे

स्थान : प्रोजेक्ट भवन, रांची

**स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड**





PR 333501(Health Med Edu and Family Welfare)24-25

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

न्यूज ब्रीफ



## कोकर गणेश पूजा कमेटी का गठन

**रांची:** कोकर गणेश पूजा इंडस्ट्रियल एरिया की नयी कमेटी का गठन हो गया है। जिसमें मुख्य संरक्षक चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी अश्विनी शर्मा ,अरविंद मंडल मुकुल सिंह, युवराज पासवान ,दीपू पासवान । संरक्षक हैं मिथिलेश छतरी, रवि रंजन पाठक, प्रदीप रवि राजेश झा, बिहार गोप, बैजनाथ प्रसाद, केके वर्मा, सूरज शर्मा विक्की सिंह, नवीन वर्मा, सुजान सिंह, रंजीत ठाकुर, अध्यक्ष गुड्डू सोनी। उपाध्यक्ष हैं अखिलेश सिंह ,जीतू सिंह ,रोहित सिंह, सुमित सिंह ,सतीश सिंह, कैलाश पंडित ,मिथिलेश ठाकुर, सतीश ,सुमन दुर्गा ठाकुर। अध्यक्ष हैं अमित कुमार ,दुर्गेश झा, बंटी राम विशाल कुमार, समीर सिंह, हिमांशु राय गांधी ,दीपू राय, मनीष पांडे, अमन सिंह, शीतल। इस अवसर पर मनोरंजन सिंह, पिंटू दुबे, रोहित सिंह और छोटू मीडिया प्रभारी मनोमीत हुए।

## टुटकी में न्याय अधिकार सह झारखंड नव निर्माण यात्रा की तैयारी पर बैठक

**मुरी :** न्याय और अधिकार के लिए झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वावधान में सिल्ली टुटकी पानी टंकी के समीप कृष्णा महतो की अध्यक्षता में बैठक रखी गयी। जिसमे जेबीकेएस एस के उपाध्यक्ष सह जेएसएसयू के प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि आगामी 1 सितंबर को विरसा मुंडा के जन्म स्थली खूंटी उलिहातु से शहीद स्वतंत्रता सेनानी रधुनाथ महतो के शहीद स्थल लोटा तक न्याय अधिकार सह झारखंड नव निर्माण यात्रा सम्पन्न किया जाएगा। अलग झारखंड की जो मांग थी वो आज भी अधूरी है इसके लिए हमारे झारखंडी वीर सपूत समय समय पर त्याग एवं बलिदान दिया है पुनः उसी न्याय अधिकार सह झारखंड नव निर्माण यात्रा की जरूरत है इसमें किसी पार्टी एवं नेता से लड़ाई नहीं है कर विशुद्ध रूप से झारखंडी माटी के स्वाभिमान की लड़ाई है । न्याय पाने का है , अधिकार लेने का है,इसे सफल बनाने के लिए प्रत्येक क्षेत्र से एक टेम्पो लाने की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है, बैठक में सफल न्याय अधिकार सह झारखंड नव निर्माण यात्रा को सफल बनाने के लिए संजीव महतो,हरेन महतो, खुदीराम महतो, अरविंद महतो, बब्लू कुमार, अजीत कुमार, सुमन महतो,जकीर खान, सुखदेव महतो, अयोध्या महतो, दीपक कुमार महतो, परशुराम महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## रेल प्रबंधक ने किया वार्षिक निरीक्षण

**मुरीः** दपू रेलवे के रेल प्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा द्वारा मुरी में वार्षिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने आरआर बिल्डिंग ,क्रु लाबी के अन्य कार्यालय का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मुरी दपु मेन्स यूनियन के शाखा सचिव गुरूपद महतो ने मांगों को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें रेल कर्मचारियों के बच्चे के पढ़ाई-लिखाई के लिए केन्द्रीय विद्यालय बने। पारिवारिक सांस्कृतिक एवं सांगठनिक कार्यक्रम के लिए सामुदायिक भवन निर्माण किया जाए। उत्तर साइड में सब वे का निर्माण हो,नये कर्मचारियों के आवास भत्ता एवं महंगाई भत्ता दिया जाए,ए टाइप और बी टाइप क्वार्टर का निर्माण हो, साथ ही क्वार्टर की मरम्मत हो सके।

## महाविद्यालयों को भ्रष्टाचार मुक्त किया जाए : अमन अहमद



**रांचीः** जिला एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डा.सुदेश साहू से मिला और ज्ञापन सौंपते हुए महाविद्यालयों में हो रहे भरष्टाचार से अवगत कराया एवं संज्ञान लेने को कहा । पूर्व जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि रांची विश्विद्यालय अंतर्गत सभी डिग्री एवं अंगीभूत महाविद्यालय में यूजी का नामांकन प्रक्रिया रोस्टर के अनुसार हो रहा है या नहीं इसकी जांच हो । रांची विश्विद्यालय अंतर्गत लगभग सभी महाविद्यालय, विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है । 3 मेरिट लिस्ट सभी महाविद्यालयों में आ गई है और नामांकन हो गया है और अब तीसे मेरिट लिस्ट का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने डीएसडब्ल्यू से मांग की हर कॉलेज में एक जांच कमिटी बनाई जाए। मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ हुसैन अंसारी, जिला सचिव अंकिता शेखर, सरफराज अहमद, गुलशन कुमार, सहबान अंसारी व अन्य लोग उपस्थित थे ।

# सीएम चंपाई सोरेन ने झामुमो से दिया इस्तीफा, कल भाजपा में होंगे शामिल

मेट्रो रेज

**रांचीः** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया है। वे 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। अपने इस्तीफे को एक्स पर पोस्ट करते हुए चंपाई सोरेन ने लिखा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से त्याग पत्र दिया। झारखंड के आदिवासियों, मूल वासियों, दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा।



झामुमो की प्राथमिक सदस्यता एवं सभी पदों से दिया त्याग-पत्रः झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं आम लोगों के मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष को संबोधित त्याग पत्र में लिखा कि आदरणीय गुरु जी, जोहार। मैं चंपाई सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से विक्षुब्ध होकर पार्टी छोड़ने को विवश हूं। अत्यंत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आप के मार्गदर्शन में जिस पार्टी का सपना हम जैसे कार्यकर्ताओं ने देखा था एवं जिसके लिए हम लोगों ने जंगलों, पहाड़ों एवं गांवों की खाक छानी थी, आज पार्टी अपनी उस दिशा से भटक चुकी है।

उन्होंने लिखा कि झामुमो मेरे लिए एक परिवार जैसा रहा एवं मैनें कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इसे छोड़ना पड़ेगा। लेकिन पिछले कुछ दिनों के घटनाक्रम की वजह से मुझे बहुत ही पीड़ा के साथ यह कठिन निर्णय लेना पड़ रहा है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि आपके वर्तमान स्वास्थ्य की वजह से आप सक्रिय राजनीति से दूर हैं तथा आपके अलावा पार्टी में ऐसा कोई फोरम नहीं है, जहां हम अपनी मन की पीड़ा को बता सकें। इस वजह से मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता एवं सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। आपके मार्गदर्शन में झारखंड आंदोलन के दौरान तथा उसके बाद भी मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है। आप सदैव मेरे मार्गदर्शक बने रहेंगे। आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें।

हाल ही में चंपाई ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए पार्टी नेतृत्व पर खुद को अपमानित करने का आरोप लगाया था। चंपाई सोरेन सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे जहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। बीते मंगलवार के बाद से यह उनकी दूसरी दिल्ली यात्रा थी। अपनी पिछली दिल्ली यात्रा के दौरान उन्होंने झामुमो के पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। साथ ही नया विकल्प भी तलाशने की बात कही थी। बाद में ये चचाएं भी हुईं कि वे नई पार्टी भी बना सकते हैं। आखिरकार अब चंपाई भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चांडिल डैम में रेस्क्यू में लगी भारतीय नौसेना की टीम को किया सम्मानित



**रांचीः**जमशेदपुर स्थित सोनारी एयरपोर्ट में नए पायलटों को ट्रेनिंग देने वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर चांडिल डैम में विमान को सर्च करने एवं उसको बाहर निकालने में जुटी भारतीय नौसेना की सर्वे एवं गोताखोर टीम को भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री माननीय संजय सेठ जी ने रांची अभियान में जुटी 20 सदस्यीय टीम को होटल ग्रीन ऐकर मे अपने साथ ब्रेक फास्ट व स्टेडियम जेएससीए में डिनर पर बुलाकर व शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हमें अपने नौसेना की वीरता और साहस पर गर्व है। चांडिल डैम में भरे अथाह पानी में कठिन परिश्रम से दो पायलट के साथ लापता एयरक्राफ्ट को नौसेना की टीम ने खोज कर बाहर निकाला। प्रतिकूल मौसम होने के बावजूद नौसेना के जवानों के अथक प्रयास से यह ऑपरेशन सफल रहा। संजय सेठ ने कहा कि हमारी सेना सिर्फ युद्ध के लिए नहीं होती, वह हर परिस्थिति में देश की सेवा के लिए होती है, भारतीय नौसेना ने एक बार फिर से यह प्रमाणित किया है। रक्षा राज्य मंत्री ने सभी जवानों के साथ संवाद किया। नौसेना के दल से विमान और उसके लापता पायलट के शव को निकालने के लिए हुए सफल ऑपरेशन के अनुभवों को सुना। साथ हीं कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में इन वीर जवानों ने जो धैर्य, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, वह अद्वितीय है। इन जवानों का हौसला बढाकर इनसे मिलकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। वहीं ऑपरेशन चांडिल अभियान का नेतृत्व कर रहे कमांडर जन्मेजय सिंह ने बताया कि यह अभियान मे हमारे जवानों ने अदम्य साहस, धैर्य और वीरता का परिचय दिया। जिनके सहयोग से यह अभियान सफल हुआ। इस सफल अभियान के लिए हम अपनी ओर से अपने जवानों की सराहना करता हूं। और यह कहना चाहता हूं कि

**मेहनत की डगर पर चलना सीख लो..**

**हर कदम पर जीत का निशान मिलेगा..**

**हौसला बुलंद रखना यारों, तुम्हें अपनी मंजिल का हर मुकाम मिलेगा..**

इस ऑपरेशन चांडिल अभियान का नेतृत्व कर रहे कमांडर जेजे सिंह के साथ कमांडर वरुण गुप्ता, लेफ्टिनेंट आरपी पटेल, मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर आरएस सैनी, पेटी ऑफिसर सोनू कुमार, और जूनियर सेलर के रूप में सागर रोहित, ए रहमान, आकाश, पीके खैरवा, शुभम थांगे, अभिनव सिंह, आर चाहर,अमरदीप, गुरप्रीत सिंह, ओमकार, मुकुल, शिवम कुमार, युवराज, रोहित कुमार आदि सैनिकों के साथ-साथ पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन, अशोक श्रीवास्तव एवं सिपाही सतनाम सिंह के साथ डिनर के मौके पर रक्षा राज्य मंत्री के साथ विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रमुख चंद्रकांत राय पत एवं रांची के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय शामिल रहे।

## जमीन की लड़ाई जिन्दगी से जुड़ी है, जीतना ही होगा : बंधु तिर्की

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों एवं मूलवासियों के लिये उनकी जमीन ही उनकी जिन्दगी का आधार है. जबतक उनके पास जमीन है तभी तक उनका अस्तित्व है अन्यथा वे विस्थापन और पलायन का शिकार होकर कब बेदखल हो जायेंगे इसका पता भी नहीं चलेगा. श्री तिर्की ने कहा कि अबतक झारखण्ड में औद्योगिक विकास और नगर विकास का सबसे अधिक खामियाजा आदिवासियों एवं मूलवासियों ने ही भुगता है क्योंकि उन्होंने ही उसकी कीमत चुकायी है। आज राजधानी के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में रांची के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण मौजा के ग्रामीणों एवं अन्य लोगों के द्वारा द्वारा जमीन लूट के खिलाफ आयोजित एक दिवसीय विशाल धरना को सम्बोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि जमीन को बचाने के लिये सरकार और प्रशासन को कड़ा कदम उठाना ही होगा अन्यथा ग्रामीण खुद एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से रांची के मौजा फुटकलटोली, तिलता, कमड़े, सिमलिया, हेसल, बाजरा, हेहल, पंडरा, सुंदिल, दहीसोत, बनहोरा, अगड़ू, झिरी, सुंडील, चटकपुर, भोड़ा मौजा में गैर मजरुआ जमीन और रैयती जमीन की भू-माफिया तत्वों द्वारा धरल्ले से कब्जा, लूट और खरीद-बिक्री जारी है जिसके कारण गाँव का स्वरुप ही बदल गया। श्री तिर्की ने वैसे दलाल और अपराधी तत्वों को चिन्हित कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने सरकार से अनुरोध किया। इस अवसर पर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जमीन बचाने के लिये सभी गांव के अगुवा को एकजुट होना होगा। समाजसेवी अलबिन लकड़ा ने कहा कि आदिवासी एवं मुलवासी की जमीन को बचाने के लिये सरकार को भू माफिया, अंचल अधिकारी एवं जिला प्रशासन पर लगाम लगाने का काम अविलम्ब करना होगा अन्यथा ग्रामीणों को बाध्य होकर कानून को अपने हाथ में लेना होगा। इस एक दिवसीय विशाल धरना कार्यक्रम में संजय तिर्की मुखिया प्रतिनिधि, सुनील तिर्की पूर्व मुखिया, संजय तिर्की पूर्व मुखिया, शिवा कच्छप अध्यक्ष केंद्रीय सरना संघर्ष समिति, समाजसेवी अलबिन लकड़ा, सुका उरांव, सुनील टोप्पो पूर्व पार्षद, राजेश लिंडा, मुन्तजीर खान, लालु खलखो ग्राम प्रधान, सिद्धांत तिर्की, मदरा पहान, पीटर कच्छप, बुधवा उरांव, दिनेश उरांव, महरू उरांव, राजेश लकड़ा, जूवेल कुजुर, महादेव टोप्पो, मेवा लकड़ा, शिल्पा कच्छप, सुनील गाड़ी, शिव उरांव व अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का बदलेगा सिलेबस: बैधनाथ राम

**रांचीः** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के सिलेबस में बदलाव होगा । इसके अलावा परीक्षा में प्रत्येक खंड में अलग-अलग पास करने का प्रावधान भी समाप्त होगा । शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने इस संबंध में जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही । इस संबंध में प्रशिक्षित शिक्षक संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष महिपाल महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम से उनके आवास पर मिला और झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के विसंगतियों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने पात्रता परीक्षा का सिलेबस वर्ष 2016 के पात्रता परीक्षा के अनुरूप करने की मांग की। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि परीक्षा के सिलेबस में बदलाव होगा। इसके बाद परीक्षा होगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष महिपाल महतो के अलावा शशि कुमार, निताई चंद्र, अजय, अरुण महतो, हिमांशु शामिल थे ।





## आरकेडीएफ विवि में खेल दिवस

**रांची:**आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में, हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 और 30 को आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 का आयोजन किया गया है। पूर्वाहन 10:30 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है इसके कैरम, रस्साकसी, लेमन रेस, सैक रेश वॉलीबॉल मिनी फुटबॉल आदि खेलों का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति रुचि जगाने साथ ही साथ स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है इसे छात्र -छात्राएं समझे यह अति आवश्यक है ।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–35 वर्ष ऊँचाई–5 फिट 4 ईंच पहनावा–गुलाबी रंग का शर्ट गहरा नीला रंग का जींस, काला छिटदार जंधिया, नाडा लगा हुआ जिसमें नीला रंग का स्टीकर XL लिखा हुआ।**

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव सिकिदिरी थाना अन्तर्गत सा0–मौजा ईद अंतर्गत पहाडी के नीचे नहर से बरामद किया गया है। जिसके संबंध में सिकिदिरी थाना यू0डी0 काण्ड सं0–09/2024, दिनांक–09.08.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सिल्ली, रॉंची। –943170066
थाना प्रभारी सिल्ली ,रॉंची। –9431706153

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 333919 Police(24-25)#D


## नृत्य, संगीत व नुक्कड नाटक के माध्यम से किया जा रहा है सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार- प्रसार

लोगों की उमड़ रही भीड़

**सिल्लीः** शिव शक्ति छऊ नृत्य दल सालीसेरेंग बंता सिल्ली की ओर से प्रखंड के सिल्लीडीह, चातमबाड़ी और सप्ताहिक बुध बाजार सारजमडीह में नृत्य संगीत और नुक्कड नाटक के माध्यम से हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के अध्यक्ष विशेश्वर महतो सचिव राजेंद्र अहीर एवं मथुरा प्रसाद महतो ने बताया 21 साल से 50 साल की महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना चलाये जा रहे है जो आने समय मिल का पत्थर साबित होगा। इसके आलावे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना से जोड़ा है।. नुक्कड़ नाटक के संचालकों ने मनरेगा योजना, पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की भी जानकारी दी गयी। इस दौरान लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा है नुक्कड़ नाटक की आहट मिलते ही लोगों का भीड़ उमड़ रहा है।






**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(Court of S.D.J.M, Khunti में उपस्थित होने हेतु सूचना)**

फिरार प्राथमिकी अभियुक्त–पाला एर्फ डेबो उर्फ राकेश भेंगरा, पे0–जेंगा भेंगरा, सा0–हालोम, थाना–रनिया, जिला–खूँटी। आप के विरूद्ध तपकरा थाना काण्ड सं0–08/23 दिनांक–30.04.23 धारा–341/323/186/353/386/414/332 भा0द0वि0, 25(1-AA)/ 25(1-A)/25(1-B)a/25(6)/26(2)/35 ARMS ACT & 17 CLA ACT दर्ज है, जिसमें आप के विरूद्ध फिरार रहने के कारण द0प्र0सं0–82 के तहत इश्तेहार को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सक्षम न्यायालय माननीय **Court of S.D.J.M, Khunti** के समक्ष दिनांक–22.08.24 तक आत्मसमर्पण करें। अन्यथा आप के विरूद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, तपकरा – 9798878104
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी – 9279209561

पुलिस अधीक्षक, खूँटी

PR 333901 Police(24-25)#D



रांची, गुरुवार, 29 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 10 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 349 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं

'स्त्री-2'की सफलता के बाद नए घर में शिफ्ट होंगी श्रद्धा कपूर ◀◀ 6







### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

## सरकारी कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने सहित कई प्रस्तावों पर लग सकता मुहर



**रांचीः** झारखंड सरकार के कैबिनेट की बैठक गुरुवार को शाम चार बजे से होनी है। इसमें हेमंत सरकार सरकारी कर्मियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने समेत कई फैसलों को मंजूरी दे सकती है। सबसे बड़ा फैसला सरकार सैनिक/अग्निवीर के परिजनों के लिए ले सकती है। दरअसल सूचना मिल रही है कैबिनेट की बैठक में मिलिट्री ऑपरेशन के दौरान कर्तव्य निर्वहन करते हुए वीरगति को प्राप्त करनेवाले राज्य के निवासी सैनिक/अग्निवीर की पत्नी/आश्रित को विशेष मुआवजा अनुदान एवं अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने का प्रस्ताव आयेगा।

**महंगाई भत्ता समेत किन-किन प्रस्तावों पर लगेगी मुहरः** इसके अलावा सरकारी कर्मियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने को लेकर भी सहमित बन सकती है। इसके लिए प्रभावी तारीख 1 जनवरी 2024 होगी। झारखंड की पेंशन मोचन निधि के संचालन हेतु दिशा-निर्देश का भी प्रस्ताव आ सकता है। एसएनए स्पर्श कोषागार एवं साइबर कोषागार की स्थापना का भी प्रस्ताव है। अपराध अनुसंधान विभाग के तहत गठित राज्य फिंगरप्रिंट ब्यूरो हेतु आवश्यक पदों के सृजन का भी प्रस्ताव है।

**किस चीज पर नीति बनाने का आ सकता है प्रस्तावः** झारखंड कैबिनेट की बैठक में रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आरओ वाटर) उपचार संयंत्र संचालन एवं अनुज्ञप्ति नियमावली, 2024 के गठन का प्रस्ताव भी आ सकता है। वहीं राज्य के नवगठित शहरी स्थानीय निकायों एवं पांच नगर निगमों में आवश्यकता आधारित पदों के सृजन का भी प्रस्ताव है।

# सरायकेला-खरसांवा में डॉक्टर का अपहरण कर हत्या, दो गिरफ्तार

**मेट्रो रेज**

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसांवा के राजनगर थाना क्षेत्र में सिजुलता गांव के रहने वाले एक डॉक्टर का अपहरण कर हत्या कर दी गयी है। उनका शव पूर्वी सिंहभूम के कोवाली थाना क्षेत्र से गुरुवार की सुबह साढ़े 10 बजे बरामद किया गया। मृतक डॉक्टर की पहचान बी मंडल के रूप में हुई। हालांकि पुलिस ने इसस मामले में दो अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक बलेनो कार भी जब्त किया गया है। डॉ बी मंडल एक सरायकेला खरसांवा के जानेमाने चिकित्सक थे, जो लकवा बीमारी से ग्रसित लोगों का इलाज करते थे। प्रतिदिन एक सौ से अधिक मरीजों का प्रतिदिन




इलाज करते थे। अपराधियों ने किस वक्त दिया **घटना को अंजामः** जानकारी के मुताबिक डॉ बी मंडल प्रतिदिन की तरह अपने क्लिनिक महेशकुदर से स्विफ्ट कार में सवार होकर अपने गांव सिजुलता लौट रहे थे। इस दौरान में अपराधियों ने डॉ बी मंडल को पीछा कर पूर्वी सिंहभूम के महेशकुदर के समीप रोक लिया और अपने बलेनो कार में जबरन बैठाकर उनका अपहरण कर उसकी हत्या दी। इसके बाद शव को बेगनाडीह इलाके में फेंक दिया।

अपहरणकर्ताओं की कहां और कैसे हुई गिरफ्तारीः इधर, जैसे ही पुलिस को डॉक्टर की किडनैपिंग के बारे में सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत अपहरणकर्ताओं की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने दो किडनैपर को भागने के दरम्यान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि वे दोनों सिजुलता के उरूघुटू के रहने वाले हैं। फिलहाल दोनों अपहरणकर्ताओं से पूछताछ जारी है। खबर लिखे जाने तक किडनैपिंग का कारण नहीं पता चला है।

### फर्जीवाड़ा रोकने को लेकर केंद्र का बड़ा फैसला

## अब आधार कार्ड से होगा यूपीएससी उम्मीदवारो का वेरिफिकेशन

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को पंजीकरण के समय और परीक्षाओं के कई चरणों के दौरान उम्मीदवारों की पहचान को सत्यापित करने के लिए आधार-आधारित पहचान पत्र का उपयोग करने की अनुमति दी है। कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि यूपीएससी को वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के समय और परीक्षा/भर्ती परीक्षा के विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों की पहचान के वेरीफाई के लिए स्वैच्छिक आधार पर ऑथेंटिकेशन करने की अनुमति है, जिसके लिए हां/नहीं या/और ई-केवाईसी ऑथेंटिकेशन सुविधा का उपयोग किया जाएगा।




कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) अधिनियम के सभी प्रावधानों, उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से जारी निदेशों का पालन करेगा। यह महत्वपूर्ण कदम जुलाई में यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा-2022 की उम्मीदवार पूजा खेडकर की उम्मीदवारी को रद्द करने और उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयनों से स्थायी रूप से प्रतिबंधित करने के बाद उठाया गया है। यूपीएससी परीक्षा में 821वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल करने वाली प्रोविजनल आईएएस अधिकारी खेडकर पर अपने अधिकार का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। उन पर कई आरोप लगे हैं, जिनमें यह दावा भी शामिल है कि पुणे पोस्टिंग के दौरान उन्होंने अलग केबिन और स्टाफ की मांग की, वाशिम जिले में अप्रत्याशित स्थानांतरण का सामना किया और लाल-नीली बत्ती और वीआईपी नंबर प्लेट वाली निजी ऑडी कार का इस्तेमाल किया। इसके अलावा, उन्होंने कथित तौर पर बिना अनुमति के अतिरिक्त कलेक्टर अजय मोरे के सामने वाले कक्ष पर कब्जा कर लिया, बिना सहमति के कार्यालय के फर्नीचर को हटा दिया और अनधिकृत सुविधाओं का अनुरोध किया। यूपीएससी भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा, समूह ए , भारतीय जैसी सेवाओं और पदों पर भर्ती के लिए सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण) आयोजित करता है। इसमें सिविल लेखा सेवा, समूह ए , भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा, समूह ए , भारतीय रक्षा लेखा सेवा, समूह ए , भारतीय रक्षा संपदा सेवा, समूह ए, भारतीय सूचना सेवा, समूह ए भारतीय डाक सेवा, समूह ए भारतीय पी एंड टी लेखा और वित्त सेवा, समूह ए शामिल हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अगस्त में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस और यूपीएससी को नोटिस जारी किया था। खेडकर ने जिला अदालत के उस फैसले को चुनौती देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में अतिरिक्त प्रयास हासिल करने के लिए अपनी पहचान गलत बताई थी।

### ऑटो चालकों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

## चरमराई शहर की यातायात व्यवस्था, यात्री रहे परेशान

### कल मुख्यमंत्री से मिलेंगे, होगी बातचीत

**रांची :** राजधानी रांची के 20 किमी के दायरे में ऑटो चलाने के नियम में बदलाव के विरोध में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की बेमियादी हड़ताल तीन दिन भी जारी है। ऑटो चालकों के हड़ताल पर जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच खबर आ रही है कि सीएम ने ऑटो चालकों को 30 अगस्त को वार्ता के लिए बुलाया है। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, ई-रिक्शा चालक यूनियन के संरक्षक उतम यादव सहित अन्य शुक्रवार को बात करने के लिए सीएम कार्यालय जायेंगे। इस बात की जानकारी संरक्षक उतम यादव ने दी है।

**17 हजार ई-रिक्शा और ऑटो चालक की बेमियादी हड़ताल जारीः** बता दें कि रांची में पांच हजार ई-रिक्शा, 10 हजार सीएनजी ऑटो और दो हजार डीजल ऑटो चलते हैं। जो पिछले तीन दिनों से ऑटो चलाने के नियम में बदलाव के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हजारों ऑटो चालक अपनी मांग को लेकर रातु रोड स्थित ऑटो स्टैंड पर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑटो चालकों का कहना है कि ऑटो चालकों की तीन दिनों की हड़ताल पर जाने से लगभग डेढ़ लाख परिवार के घर पर चूल्हा नहीं जला है। कहा कि 30 अगस्त (शुक्रवार) को सीएम से वातार्लाप के बुलाया गया है। कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी हुई तो हड़ताल खत्म कर देंगे। अगर बात नहीं बनी तो ट्रैफिक एसपी के कार्यालय में सभी ऑटो चालक जायेंगे और गाड़ी की चाभी सौंपेंगे। ऑटो चालकों का कहना है कि कि राज्य के विधायकों और सांसदों ने ऑटो चालकों का साथ नहीं दिया।

**20 किमी की परिधि में ऑटो चलाने के नियम में बदलावः** दरअसल रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए शहर के 20 किमी की परिधि में ऑटो चलाने के नियम में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने चार जोन में ऑटो परिचालन का रूट बांट कर 3-3 किमी का दायरा बना दिया है। जिसके विरोध में ऑटो और ई-रिक्शा चालक मंगलवार (27 अगस्त) से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इन ऑटो चालकों के हड़ताल पर चले जाने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। कई लोग तो पैदल ही अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। जबकि कुछ लोग ओला, रैपिडो आदि का सहारा ले रहे हैं।



## एसीएफ और रेंजर नियुक्ति में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को दें उम्र सीमा में छूट : हाईकोर्ट

**रांची :** जेपीएससी द्वारा वन विभाग एसीएफ(असिस्टेंट फॉरेस्ट कंजरवेटर) और रेंजर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को उम्र सीमा में छूट नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालात ने वैसे अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने का निर्देश दिया, जो पहले से नौकरी में हैं। न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि निर्धारित करते हुए कहा कि याचिका के अंतिम आदेश से प्रार्थियों की नियुक्ति प्रभावित होगी। इस संबंध में पिंटू कुमार और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की।

## लोको पायलट ने समय रहते लगाई आपातकालीन ब्रेक, पांच शेरों की बचाई जान

**नई दिल्लीः** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार तड़के एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने समय रहते आपातकालीन ब्रेक लगाकर पांच शेरों की जान बचाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिमी रेलवे के भावनगर मंडल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह घटना तड़के करीब साढ़े चार बजे गिर वन के पीपावाव-राजुला खंड पर हुई। कहा गया कि लोको पायलट भूपेंद्र मीणा को पटरी पर पांच एशियाई शेरों की मौजूदगी होने के बारे में वन विभाग के कर्मियों ने टॉर्च से संकेत देकर सतर्क किया। लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोक दी। शेरों के पटरी से हटने के बाद मालगाड़ी अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

## छत्तीसगढ़ में तीन महिला नक्सली मुठभेड़ में ढेर, हथियार बरामद



**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर माढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में अब तक तीन वर्दीधारी महिला नक्सली ढेर हुई हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार सहित नक्सल सामग्री बरामद की गई है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर एवं कांकेर जिले की सीमा पर माड़ के क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की टीम सर्चिंग अभियान पर गई थी। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि सुबह से मुठभेड़ जारी है। रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। सभी जवान सुरक्षित हैं।

## जम्मू- कश्मीर : तीन जगहों पर एनकाउंटर ,तीन आतंकी ढेर, राजौरी में मुठभेड़ जारी

**जम्मू- कश्मीरः** कुपवाड़ा में दो अलग-अलग मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबलों ने माछिल में दो और तंगधार में एक आतंकी के मार गिराया है। कुपवाड़ा में अभी मुठभेड़ जारी है। वहीं, राजौरी में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। बताया जा रहा है कि इलाके में दो से तीन आतंकी छिपे होने की आशंका है। मुठभेड़ खेड़ी मोहरा लाठी और दंथल इलाके में बुधवार (28 अगस्त) देर रात शुरू हुई। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस बात की जानकारी दी है।



जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, 28 अगस्त को रात 9130 बजे सुरक्षाबलों ने राजौरी के खेड़ी मोहरा लाठी और दंथल क्षेत्र के इलाकों में एक तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान लगभग 11।45 बजे आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ। जिसके बाद खेड़ी मोहरा इलाके के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

उधर, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में बुधवार देर रात घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम किया।?विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की साजिश के तहत सीमा पार से आतंकियों को धकेलने की कोशिश की गई थी। पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

ऐसा इनपुट था कि आतंकियों का ग्रुप एलओसी से तंगधार सेक्टर में घुसपैठ कर सकता है। इस सूचना पर एलओसी पर सतर्क सेना के जवानों ने मोर्चा लगाया था। देर रात खुशहाल पोस्ट के पास संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद जवानों ने ललकारा तो दूसरी ओर से आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। जवानों की ओर से पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी गई है ताकि अंधेरे का लाभ उठाकर आतंकी घुसपैठ करने में सफल न हो जाएं।

## सुविचार

सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।

## असुरक्षित महिलाएं

**मलयालम फिल्म** इंडस्ट्री में महिलाओं की स्थिति को जाहिर करने वाली जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट आखिर सोमवार को सार्वजनिक हो गई। रिपोर्ट में दी गई बातें हैरान तो करती ही हैं, इस रिपोर्ट को सामने लाने के लिए जिस तरह की मशक्कत करनी पड़ी, वह भी अपने आप में बहुत कुछ कहती है। कमिटी का गठन 2017 में मलयालम फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री के अपहरण और सेक्शुअल असॉल्ट की घटना के बाद किया गया था। कमिटी ने 2019 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। सूचना के अधिकार (फ्ळक) के तहत किए गए आवेदनों के जरिए पांच साल के लंबे और कठिन संघर्ष के बाद यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में लाई जा सकी। रिपोर्ट का कंटेंट देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि क्यों वहां की ताकतवर लॉबी इसे सार्वजनिक किए जाने के खिलाफ थी और क्यों उसने इसे लोगों की नजरों से छुपाए रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। रिपोर्ट में कम से कम 17 तरह के शोषण गिनाए गए हैं, जिनसे केरल फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही महिलाओं को गुजरना पड़ता है। इनमें लेडीज टॉयलेट और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाओं की कमी और पारिश्रमिक में भेदभाव से लेकर काम के बदले में सेक्स की डिमांड तक तमाम तरह के शोषण शामिल हैं। रिपोर्ट में ठीक ही कहा गया है कि सेक्शुअल हैरासमेंट ऑफ विमिन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रॉहिबिशन एंड रिड्रेसल) एक्ट 2013 जैसे कानून और इसके तहत अनिवार्य बताए गए इंटरनल कमिटी गठित करने जैसे प्रावधान इन मामलों में ज्यादा मदद नहीं करते। इसकी एक वजह यह है कि ये वर्कप्लेस पर हैरासमेंट की बात करते हैं जबकि फिल्म इंडस्ट्री में शोषण अक्सर काम मिलने से पहले ही शुरू हो जाता है। दूसरी बात यह कि शोषण करने वाले लोगों की लॉबी इतनी ताकतवर है कि शिकायत करने की हिम्मत दिखाने पर भी करिअर खत्म हो जाता है। भले जस्टिस हेमा कमिटी की यह रिपोर्ट सिर्फ केरल फिल्म इंडस्ट्री की बात करती हो, अन्य फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। इसे भी महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि जिस समय यह रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है, कोलकाता में एक डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना को लेकर पूरा देश उद्वेलित है। ऐसी घटनाएं अलग-अलग इलाकों और पेशों में महिलाओं की असुरक्षा का सवाल पेश करती रहती हैं। ऐसे में कोई एक कानून, कोई एक आयोग या प्राधिकरण इसका इलाज नहीं हो सकता। पुलिस-प्रशासन, कानून-अदालत और परिवार-समाज सभी स्तरों पर दीर्घकालिक प्रयास ही बेहतरी सुनिश्चित कर सकते हैं।

## भारत-अमेरिका साथ-साथ

**पिछले** महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर दिखी अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए अगर सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हुई उनकी फोन वार्ता पर गौर करें तो हाल की यूक्रेन यात्रा की सार्थकता ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आती है। यूक्रेन यात्रा ने उन गलतफहमियों को भी खत्म कर दिया है, जो रूस यात्रा के बाद खास तौर पर पश्चिमी हलकों में दिखाई देने लगी थीं। पीएम मोदी की रूस यात्रा की टाइमिंग को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठाए गए थे। एक तो वह यात्रा अमेरिका में नैटो देशों की प्रस्तावित बैठक के ठीक पहले हुई थी, दूसरे वह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हुई उनकी पहली विदेश यात्रा होने की वजह से भी अहम मानी गई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी तब पीएम मोदी की रूस यात्रा पर खुले रूप में नाखुशी जताई थी। इसके बरक्स सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की पहल पर हुई फोन वार्ता इस बात का साफ संकेत है कि जो भी गलतफहमियां रही हों, वे पूरी तरह मिट चुकी हैं। हालांकि भारत पहले दिन से अपने इस रुख पर अडिग रहा है कि वह बातचीत के जरिए जल्द से जल्द शांति स्थापित करने के पक्ष में है। पीएम मोदी ने रूस में राष्ट्रपति पूतिन से भी कहा था कि युद्ध के मैदान से कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सकता, और यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी सुझाव दिया कि जल्द शांति स्थापित करने के लिए वह रूस से बातचीत करें। दोनों नेताओं की फोन वार्ता में बांग्लादेश का जिक्र आना कई लिहाज से अहम है। पड़ोस का यह मुल्क जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसे लेकर आशंकाएं स्वाभाविक हैं। ऐसे में भारत और अमेरिका दोनों देशों का अपनी चिंताएं साझा करना मायने रखता है। पीएम मोदी की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मसला उठाना जाहिर करता है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के आश्वासन के बावजूद इस मामले में भारत की चिंता दूर नहीं हुई है। जिस तरह से तथ्यों के विपरीत जाकर बांग्लादेश के कुछ नेता बाढ़ के लिए भारत पर उंगली उठाने की कोशिश कर रहे हैं, वह भी बताता है कि वहां भारत के खिलाफ माहौल बनाने वाले तत्व अब भी सक्रिय हैं। यह फोन वार्ता ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिनों बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान मोदी और बाइडन मिलने वाले हैं। उसी बीच, क्वॉड देशों की बैठक भी प्रस्तावित है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों में हो रही प्रगति की भी समीक्षा की। कुल मिलाकर, इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों की सहजता को रेखांकित किया है।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देशविरोधी घोषणा पत्र

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकिस्तान परस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था।

**डॉ.आशीष वशिष्ठ**

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद पहली बार इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव करीब एक दशक के बाद होने जा रहे हैं। साल 2019 में केंद्र सरकार ने विशेष दर्जा खत्म कर जम्मू-कश्मीर को दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था। लद्दाख को भी अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जम्मू-कश्मीर में बीते दो दशकों में इस बार का चुनाव सबसे कम समय में कराया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के आखिरी चुनाव साल 2014 में हुए थे। साल 2018 में भाजपा और पीडीपी के गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी। उस वक्त आपसी मतभेद के चलते भाजपा ने पीडीपी से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सरकार गिरने के बाद जम्मू-कश्मीर करीब छह साल तक केंद्र सरकार के शासन में रहा।

जम्मू-कश्मीर चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा-पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत-विरोधी लगते हैं। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनाव की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता-पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय-पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरूआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकिस्तान परस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वादा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं। केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन इंडी की सरकार बन सकती है। हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा-पत्र में कहा है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा। और हरी पर्वत को कोह-ए-मरान लिखा था। इस सवाल को गृहमंत्री अमित शाह ने भी उठाया था और कांग्रेस से सवाल पूछा था कि क्या वह शंकराचार्य पर्वत की पहचान खत्म करने की साजिश को समर्थन करती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस के कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं?

नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान बताने पर कश्मीरी हिंदुओं में आक्रोश फूट पड़ा है और इसे संस्कृति और पहचान को खत्म करने की साजिश करार दिया है। शंकराचार्य पर्वत व हरि पर्वत कश्मीरी हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं। कश्मीर का नाम कश्यप ऋषि से पड़ा। यह भूमि ऋषियों की भूमि है। इस भूमि से कश्मीरी हिंदुओं की आस्था, संस्कृति जुड़ी है। इनके नाम कैसे बदले जा सकते हैं। नेकां गंदी राजनीति खेल रही है। आज नेकां ने अपनी मंशा लोगों के सामने रख दी है।

कश्मीरी पंडितों ने कॉन्फ्रेंस के इस विषय पर फारूक अब्दुल्ला को सीधा पत्र लिखा है। उन्होंने फारूक अब्दुल्ला से पीएसए हटाने के वादे और अन्य बिंदुओं को भी हटाने की मांग उठाई है। अन्य कश्मीरी हिंदू संगठन भी इस नेशनल कॉन्फ्रेंस की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। कश्मीर पंडितों ने चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है और मांग उठाई है कि कश्मीरी हिंदुओं की पहचान को खत्म करने के प्रयास को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। वास्तव में, कश्मीरी हिंदू घाटी की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता और संस्कृति के संवाहक हैं। कश्मीर पंडित कॉन्फ्रेंस के अनुसार नेशनल कॉन्फ्रेंस हमारी सभ्यता के तमाम निशान मिटाना चाहती है। यह प्रयास नया नहीं है। कुछ कट्टरवादी तत्व पहले से इस प्रोपेगेंडा पर काम कर रहे हैं और लैलेश्वरी को लैला अरिफा और श्रीनगर को शहर-ए-खास बताने का प्रयास हो रहा है। असल में नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी। पीडीपी ने यहां तक घोषणा की है कि 'जमात-ए-इस्लामी' पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। यानी कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद, हड़ताल और बंद की पुरानी स्थितियों की वापसी के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं? चुनाव घोषणा पत्र में आरक्षण खत्म करने का आश्वासन दिया गया है। क्या गुर्जर, बकरवाल, दलित, पहाड़ी जातियों के आरक्षण खत्म किए जाएंगे? यह निर्णय कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति पर आघात की तरह साबित हो सकता है। ऐसे कई आश्वासन घोषणा पत्रों में दिए गए हैं। बेशक ये देश-विरोधी घोषणाएं हैं। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं

भारत के समत्व, ममत्व के स्नेह से विश्व मानवता को पल्लवित-पोषित करो। मानवीय मूल्यों को उच्चतम बनाओ। भविष्य के धार्मिक आदर्शों को सम्पूर्ण जगत में जो कुछ भी सुन्दर और महत्वपूर्ण है, उन सबको समेटकर चलना पड़ेगा और साथ भाव विकास के लिए अनन्त क्षेत्र प्रदान करना पड़ेगा।

**अरुण कुमार दीक्षित**

स्वामी विवेकानंद ने भारतीय दर्शन को दुनिया के देशों में प्रचारित किया। उन्होंने पूरे विश्व को यह सन्देश देने का प्रयास किया कि भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं है। हम पूरी पृथ्वी पर एक श्रेष्ठतम राष्ट्र हैं। हम सभी सभ्यताओं का स्वागत करते हैं। हम गहन तमस से भरे विश्व को मार्ग दिखा सकते हैं। हम सब भारत के लोग एक गौरवशाली संस्कृति के वाहक हैं। हमारा सामना विश्व की भोग विलास में लिप्त संस्कृतियां नहीं कर सकती। हम भारत के लोग बर्बर नही हैं। हम भिन्न भाषा-भाषी संस्कृतियों, बोलियों को आत्मसात करते हुए चलते हैं। भारत की संस्कृति में हमेशा उच्चतम विचारों को प्राथमिकता दी गयी है। हम किसी को मतान्तरित कर अपनी संख्या नहीं बढ़ाते। हम युद्ध के माध्यम से साम्राज्य का विस्तार करने वाली संस्कृति के पुत्र नहीं हैं। हम पूरी दुनिया को परिवार मानने वाले हैं। हमारा राष्ट्र सृष्टि से जुड़े प्रश्नों पर काम करने वाला रहा है । जहां तक यह सृष्टि है, वह सब एक ही है। एक ही शक्ति है जो पूरे विश्व को चलाती है। वही शक्ति हमारे भीतर वही सबके अंतस में है। इसी को आदि शंकराचार्य अद्वैत कहते हैं। उसी शक्ति को श्रीकृष्ण परम शक्ति कहते हैं।

ऋषियों ने भी देखा कि वह एक है, दो नहीं है। तब ही कहा कि ज्योतिएकम। हम फूलों को देखते हैं। अनंत रंग के फूल हजारों लाखों तरह के फूल, हजारों लाखों के तरह के जीव-जंतु भी देखते हैं। इसी तरह पहाड़ हैं। नदियां हैं, झरने हैं। पक्षियों के गीत है। प्रभात की अरुणिमा है। चंद्रमा में पूर्णिमा है। साथ ही अमावस्या है। अरबों नक्षत्र राशियां हैं। आकाश गंगा हैं। मेघ हैं। जल भरे मेघों के दृश्य हैं। फिर बरसात है। उसमें नील कमल हैं। आनंदित प्रकृति में मनुष्य सहित सभी जीव हैं। पूरी दुनिया में हजारों नदियां हैं। महासागर हैं। लाल सागर, पीला सागर और न जाने कितने सागर है। हिमाच्छादित हिमालय है। इस सबमें वही चेतना है। वही ज्योति परम ज्योति, परम सत्ता, अखंड सत्ता विद्यमान दिखाई पड़ती है। बस आवश्यकता है तो उसी परम दृष्टि की जिसे केन उपनिषद में कहा गया है कि उपासना करो। उन नेत्रों की नहीं जिनसे देखते हो। उस शक्ति की करो जिससे नेत्रों मे देखने की शक्ति है । ऊर्जा आती है। वह उपासना श्रेष्ठ है। विवेकानंद के सपने भारत को पूरे विश्व में अनंत ऊंचाई वाला राष्ट्र बनाने की परिकल्पना है। और यह विवेकानंद का सपना कहेंगे तो लगता है कि थोड़ा कम है।

वे कह रहे हैं कि हमारे भारत के महान ऋषियों की ओर से देखो-वे कैसे थे ? वे क्या चाहते थे उन ऋषियों का सनातन राष्ट्र, आर्यावर्त, भारत, भरतजनों का राष्ट्र कैसा था ? विवेकानंद भारत के ऋषि दृष्टाओं वाला भारत निर्मित करने के लिए अपने जीवन काल मे बिना रुके काम करते हैं। उसी में उन्हें विश्व मानवता के दर्शन हुए। कम समय में अधिकतम और उच्चतम विचार दृष्टि देने वाले हमारे आधुनिक ऋषि हैं विवेकानंद। स्वामी जी ने कठोपनिषद की ऋचा उत्तिष्ठित जागृत प्राप्य वरान्निबोधयत को अपना ध्येय वाक्य बनाया। वे कहते हैं उठो जागो और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए रुको मत। यहां पर विवेकानन्द कह रहे है उठो जागो। थोड़ा समझने की बात है। आप सोचेंगे कि हम जब उठ गए हैं मतलब जागे हैं तभी तो उठे है। मगर यहां उनका सूत्र है, कि उठ तो गए हो। दिन भर कुछ न कुछ करते हो। अपने लिए, मित्रों के लिए परिवार के लिए यह करने वह करना पर्याप्त नहीं है।

वे कह रहे हैं उठो किस लिए, राष्ट्र के लिए, भारत के वैभव के लिए, करोड़ों भारतीयों के लिए ,वंचितों के लिए जिन्हें अपने होने का ज्ञान नहीं है। जिन्हें राष्ट्र समाज के इतिहास का पता नहीं है। जो अबोध है वे राष्ट्र के निमित्तों को नहीं जानते, उनके लिए उठ जाओ। फिर कह रहे हैं जागो ? यह और गहरी बात कहना चाह रहे हैं स्वामी जी। जागो ? कई बार आप जागे हैं मगर वह आपका जो जागरण है , वह थोड़ा कम मात्रा में है। अपने लिए लग रहा है। तो तुम जागो, भारतवासियों के लिए जागो। भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति, वैदिक संस्कृति, भरतजनों की संस्कृति से पूरे विश्व को सींच डालो। एक नई ऊर्जा से भर दो भारत को। और भारत ऊजार्वान होगा, शक्तिशाली होगा तो विश्व पर उसकी छाया पड़ना तय है।

भारत के समत्व, ममत्व के स्नेह से विश्व मानवता को पल्लवित-पोषित करो। मानवीय मूल्यों को उच्चतम बनाओ। भविष्य के धार्मिक आदर्शों को सम्पूर्ण जगत में जो कुछ भी सुन्दर और महत्वपूर्ण है, उन सबको समेटकर चलना पड़ेगा और साथ भाव विकास के लिए अनन्त क्षेत्र प्रदान करना पड़ेगा। अतीत में जो कुछ भी सुन्दर रहा है, उसे जीवित रखना होगा। साथ वर्तमान के भंडार को और समृद्ध बनाने के लिए भविष्य का विकास द्वार भी खुला रखना होगा। धर्म को ग्रहणशील होना चाहिए और ईश्वर सम्बन्धी अपने आदर्शो में भिन्नता का कारण एक-दूसरे का तिरस्कार नहीं करना चाहिए। मैंने अपने जीवन में अनेक महापुरुषों को देखा है जो ईश्वर मे एकदम विश्वास नहीं करते थे। अर्थात हमारे और तुम्हारे ईश्वर में, किन्तु वे लोग ईश्वर को हमारी अपेक्षा अधिक तरह समझते थे। ईश्वर सम्बन्धी सभी सिद्धांत, सगुण निर्गुण अनंत नैतिक नियम अथवा आदर्श- मानव धर्म की परिभाषा के अंतर्गत आने चाहिए। और जब धर्म इतने उदार बन जाएंगे तब उनकी कल्याणकारी शक्ति सौ गुनी अधिक हो जाएगी। (स्वामी विवेकानंद साहित्य पुस्तक खण्ड दो पृष्ठ दो सौ) स्वामी जी यहां पर ईश्वर और धर्म विषयक जिस समझदारी की बात कर रहे हैं, वह अति गम्भीर गहनतम है। साथ ही कह रहे है कि धर्म ग्रहणशील होना चाहिए। यह बात और भी उच्च मूल्यों को स्थापित करती है।

धर्म हमारा ग्रहणशील हो तभी बात बनेगी। तभी हमारे विचार मूल्यवान हो सकते हैं। गहराई में जा सकते है। छिछली बातें धर्म का प्राण तत्व नहीं होती है। जहाँ क्षमा ज्ञान, सहिष्णुता, उदारता का विज्ञान होता है। वहां धर्म घटित होता है। जब प्रत्येक मनुष्य के कल्याण के लिए ही कार्य करना ध्येय हो वही धर्म को आत्म सात कर सकता है। फिर वह मनुष्य चाहे जिस समाज- राष्ट्र का हो। यहां भी लगता है कि सामंजस्य बने तो साथ चला जा सकता है। और सभी को साथ लेकर चलने की संभावनाएं और नए द्वारों, मार्गों को खुला रखना ही जीवित समाज के लिए पथप्रदर्शक हो सकता है। विश्व में अधिकार ही सब कुछ नहीं हो सकता है। विश्व मानवता के लिए कार्य करना अधिक श्रेयष्कर प्रतीत होता है। हमें देखना चाहिए कि ज्ञान का अर्थ मात्र साहित्य नहीं है। साहित्य मात्र से कुछ होने वाला नहीं है।

राष्ट्र निर्माण में शस्त्र-शास्त्र दोनों के ज्ञान का प्रयोग करने की एक अदभुत शक्ति होनी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा आंतरिक सुरक्षा का ज्ञान होना चाहिए । विश्व के साथ भारत का व्यवहार कैसा हो। विश्व के देश भारत के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। क्या वे ईमानदारी से संबंधों का निर्वाह कर रहे हैं। किसी भी कार्यवाही का विश्व में और अपने राष्ट्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा यह भी ज्ञान होना अति आवश्यक है। दुनिया के देश भारतीय संस्कृति पर लंबे समय से हमलावर हैं। चाहे वस्त्र हो, चाहे विदेशी शैक्षिक प्रणाली हो, आध्यात्मिक, पौराणिक स्थल हो ,सब जगहों पर अलग-अलग तरह से हमले किए गए। भारत के अनेक विद्वान विदेशी शिक्षा से प्रभावित हुए। उन्होंने इस राष्ट्र को उसी दिशा में ले जाने का प्रयत्न किया, जबकि विदेशी प्रणाली वाली शिक्षा, ढंग तौर तरीके भारत के सांस्कृतिक ,सामाजिक मूल्यों से मेल नहीं खाते थे। अभी भी यह दुष्प्रभाव लंबे कालखंड तक रहने वाला है। स्वामी जी के विचारों और सपनों वाला भारत अपने स्वयं के आदर्शों मूल्यों और ज्ञान-विज्ञान से निर्मित होगा। उधार के ज्ञान-विज्ञान से कुछ होने वाला नहीं है।

# गणेश चतुर्थी

**अध्यात्म**

गणेश चतुर्थी व्रत मूल रूप से गणेशजी को समर्पित व्रत है। इस व्रत मे गणेशजी की पूजा की जाती है इसलिए चतुर्थी व्रत को गणेश चतुर्थी व्रत कहा जाता है। गणेश चतुर्थी यूं तो साल में 24 होती है लेकिन इनमें भाद्र मास का शुक्ल पक्ष की चतुर्थी का विशेष महत्व है। इस दिन पूरे देश में भगवान गणेश की पूजा होती है। लोग अपने घरों में गणेशजी की मूर्ति और तस्वीर सजाकर विशेष पूजा आयोजन करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि भाद्रमास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन ही भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए भाद्रमास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को पूरे देश में गणपति बप्पा की धूम धाम से पूजा होती है और गणेश उत्सव मनाया जाता है। वैसे पूरे देश में महाराष्ट्र के गणपति उत्सव का अपना विशेष महत्व है। इस समय पूरे महाराष्ट्र में घर घर में लोग गणपति की प्रतिमा स्थापित करके उनकी पूजा आराधना करते हैं और गणपति बप्पा से शुभ मंगल की कामना करते हैं।

भाद्र मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के साथ ही देश के कुछ भागों में कलंक चतुर्थी मनाते हैं। इसके पीछे कथा है कि गणेशजी ने अपने रूप पर अहंकार करने वाले चंद्रमा को शाप दे दिया था कि भाद्र मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को जो भी चंद्रमा को देखेगा उसे मिथ्या कलंक लगेगा, यानी जो उसने किया नहीं होगा उसके लिए भी दोषी ठहराया जाएगा। इससे बचने का एक मात्र तरीका है कि इस दिन गणेशजी के साथ चंद्रमा की भी पूजा करें और हाथ में फल, मिठाई या दही लेकर चंद्रमा का दर्शन करें। तभी आप गणेशजी के द्वार दिए गए शाप से बच सकते है।

वैसे हर महीने में दो चतुर्थी तिथि आती है जो शुक्ल पक्ष की और कृष्ण पक्ष की चतुर्थी होती है। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायकी चतुर्थी कहते हैं जबकि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। लेकिन विनायकी या संकष्टी चतुर्थी जब मंगलवार के दिन आती है तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है इसे अंगारकी और अंगारक चतुर्थी के नाम से जाना जाता है।

गणेश चतुर्थी का दिन गणेशजी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालु भक्त गणेशजी को उनकी प्रिय वस्तु का भोग लगाते हैं। गणेशजी इस दिन मोदक और लड्डू का प्रसाद चढाया जाता है। गणेशजी को दूर्वा, सिंदूर, चावल को गीला करके अर्पित किया जाता है। और चंद्रमा के उदित होने के बाद अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है।

## आपके पत्र

### आलस्य बीमारियों का दुश्मन

**हाल** ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।

आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यतः मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं।

**देव प्रकाश, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## तमिलनाडु से मुक्त हुए दुमका के 11 मजदूर लौटे, धनबाद स्टेशन पर स्वागत



**धनबाद/ दुमका :** तमिलनाडु में बंधक बनाए गए दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड के 11 मजदूरों को श्रम विभाग की पहल पर मुक्त करा दिया गया। इसके बाद सभी मजदूर बुधवार की सुबह एलेप्पी ट्रेन से धनबाद रेलवे स्टेशन पर उतरे। स्टेशन पर मजदूरों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी मजदूर दुमका के लिए रवाना हो गए। ज्ञात हो कि श्रम विभाग की पहल पर पुलिस व तमिलनाडु की स्थानीय एनजीओ के सहयोग से इन मजदूरों को मुक्त किराया गया। उल्लेखनीय है कि दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड के अमड़ापहाड़ी निवासी 11 मजदूर काम की तलाश में कुछ दिन पहले तामिलनाडु गए थे। वहां उन्हें बंधक बना लिया गया था। रिहाई के बदले परिवार वालों से पैसों की मांग की जा रही थी। दो परिवारों ने 25 हजार रुपए भेज भी दिया। रविवार की शाम पीड़ित परिवार ने दुमका एसपी से सभी की सकुशल वापसी की गुहार लगाई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन और श्रम विभाग के सहयोग से मजदूर को मुक्त करने की कवायद शुरू हुई थी।

## एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने डीएसडब्ल्यू के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**साहिबगंज/बरहरवा :** बीएसके कॉलेज महाविद्यालय में एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज अध्यक्ष श्याम कुमार के नेतृत्व में डीएसडब्ल्यू के नाम पर प्राचार्य को ज्ञापन सोपा। कॉलेज अध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि एनएसयूआई यूजीएस ईएम 1 2024-2028 में नामांकन से वंचित रहे छात्रों के लिए दोबारा चांसलर पोर्टल में आवेदन की सुविधा दिए जाने की मांग कर रही है। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक रफत हुसैन ने बतलाया कि पूर्व में दो बार चांसलर पोर्टल खोला जा चुका है और अब पुनः कंपार्टमेंटल की परीक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए पोर्टल खोला गया है। परंतु पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण कई विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं भर सके थे साथ ही हिंदी हिस्ट्री जियोग्राफी जैसे विषयों में आवेदन करने वाले वैसे छात्र जिनका नाम किसी भी सूची में नहीं आ सका है। वह दूसरे विषय में आवेदन कर नामांकन लेना चाहते हैं। ऐसे में उनका एक साल भी व्यर्थ होने से बच जाएगा।जबकि महासचिव फहद , महा सचिव एमादुर रहमान, राजा अन्य पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित थें।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना में हो रहा है फर्जीवाडा इसकी निष्पक्ष हो जांच : गौतम यादव



**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना में हो रहा फजीर्वाड़ा बिना रेजिस्ट्रेशन कराये,बिना खाता में पैसा आये, लोगो को आ रहे मैसेज की आपके खाते में 1000 रुपया भेज दी गयी है। इसका खुलासा तब हुआ जब भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री गौतम कुमार यादव के ही मोबाइल पर मैसेज आया।उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ये मोबाइल नंबर 7091476688 वह पिछले 10 वर्षों से इस्तेमाल कर रहा हूँ।उनका परिवार में किसी ने मईया सम्मान योजना में रेजिस्ट्रेशन नही कराया गया है।ना कभी कराएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मैसेज आने से ये साबित हो रहा है कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में बहुत बड़ा फजीर्बाड़ा चल रहा है।वही झारखण्ड की वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार सभी जगह ढोल पिट रही है कि उनकी सरकार लाखों महिलाओ को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत राशि दे रही है,पर ये कहा तक सही है,इस मैसेज से प्रतीत होता है।श्री यादव ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ भ्रामक फैला रही है और डेटा इकट्ठा कर रही है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देकर स्टेशन पहुंचे थे चोर : एएसआई

**साहिबगंज :** नगर थाना पुलिस ने रात्रि गस्ती के दौरान तीन नाबालिक को मोबाइल चोरी के आरोप खदेड़ कर पकड़ा हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार कि देर रात्रि गस्ती में नगर थाना के एएसआई प्रमोद कुमार सिंह नगर क्षेत्र में गस्ती कर रहे थे। इसी दौरान स्टेशन के पास तीन संदिग्ध नाबालिग पुलिस गश्ती गाड़ी को देखकर इधर-उधर भागने लगे। शक होने पर एएसआई प्रमोद सिंह व पुलिस बल तीनों नाबालिक को खदेड़ कर अलग-अलग दिशा से पकड़ लिया । तीनों नाबालिक को पूछताछ के लिए नगर थाना लाया गया। इधर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि तीनों नाबालिक है और यह लोग जिरवाबाडी क्षेत्र के अलग अलग घर से चार मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देकर स्टेशन पहुंचे थे। पुलिस गाड़ी को देखकर यह लोग घबरा कर इधर-उधर भागने लगे। तभी पुलिस ने तीनों नाबालिक को खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चार मोबाइल चोरी करने का स्वीकार किया। साथ ही दो मोबाइल को भी पुलिस ने बरामद किया गया। पूछताछ के बाद तीनों को जिरवाबाडी पुलिस को सौंप दिया गया। इधर जिरवाबाडी पुलिस तीनों नाबालिक को बाल सुधार गृह भेजने की प्रक्रिया कर रहे थे।

## बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग घालय, युवक से मारपीट

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के कबूतर कोपी निवासी मोतीलाल यादव को एक बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी।घायल बाईक सवार युवक लोहनडा निवासी राहुल कुमार दास पिता सीता राम दास ने बताया बुजुर्ग मोतीलाल यादव भैंस लेकर अपने घर जा रहा था और मैं बाइक से अपने घर जा रहा था इसी दौरान बाइक का ब्रेकफास्ट गया जिसके कारण सही समय पर ब्रेक नहीं लगा और बाइक बुजुर्ग से टकरा गया जिससे वह गिर गए और घायल हो गए। बुजुर्ग के इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लेकर जा रहे थे इसी दौरान बुजुर्ग ने अपने घर वाले को फोन कर दिया। इसके बाद 15 से 20 युवक को ने आकर मेरी जम की पिटाई कर दी। जिससे में गंभीर रूप से घायल हो गया

# धनबाद : छह ठेकाकर्मियों की मौत के बाद भी रेलवे लापरवाह

मेट्रो रेज

**धनबाद :** छह ठेकाकर्मी की मौत के बाद भी रेलवे प्रबंधन लापरवाह बना हुआ है। गोमो-धनबाद रेलखंड के तेतुलमारी स्टेशन से लेकर निचिपुर स्टेशन तक बुधवार को ट्रैक लगाने के दौरान मजदूरों की जान के साथ खिलवाड़ करने का नजारा देखने को मिला। कार्य के दौरान मजदूर बिना सुरक्षा उपकरण के ही कार्य में लगे रहे। ज्यादातर मजदूरों को जूता-टोपी व ग्लव्स उपलब्ध नहीं कराया गया था। मजदूर बिना टोपी, ग्लब्स के ही काम कर रहे थे। आश्चर्य की बात यह कि मजदूर चलती टीआरटी मशीन के बीच घुसकर काम कर रहे थे। उनके माथे पर न तो हेलमेट था, न ही हाथों में ग्लब्स थे। रेलवे ट्रेक पर भारी भरकम स्लैब लगाने वाले अधिकतर मजदूरों ने चप्पल पहन रखा था। उनके भी माथे पर हेलमेट नहीं था। विडंबना ये कि कार्य के दौरान रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारी वहां जायजा लेने पहुंचे। कई अधिकारियों ने ऑफ कैमरा सुरक्षा में कमी होने की बात स्वीकार की। हालांकि कैमरा के सामने बोलने से अधिकारी बचते रहे। ज्ञात हो कि पूर्व में इसी कार्यस्थल पर बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य कर रहे छह ठेकाकमियों की मौत हुई थी। मामले को लेकर जब एडीएन शुभम पटेल से से बात की गई, उन्होंने चुप्पी साध ली।



**हाई वोल्टेज करंट से जलकर राख हो गए थे ठेका मजदूर:** काम के दारान घोर लापरवाही के कारण गोमो-धनबाद रेलखंड के झारखोर फाटक नंबर सात के निकट 29 मई 2023 को रेलवे के छह ठेकाकर्मी 25 हजार वोल्ट बिजली के करंट की चपेट में आने से जिंदा जलकर काल के गाल में समा गए थे। जबकि दो मजदूरों ने भाग कर जान बचाई थी। वहीं स्थानीय एक युवती को भी आंशिक रूप से चोटें आई थीं। मृत मजदूरों में इलाहाबाद के सुरेश मिस्त्री, लातेहार मुराईकला के संजय भुईयां, संजय राय के अलावा पलामू के गोविंद सिंह व श्याम देव सिंह शामिल थे। घटना के बाद घंटों मशक्कत के बाद मिट्टी में दबे तीन शवों को बाहर निकाला गया था।

### कार्य को लेकर रेलवे ने तीन घंटे तक लिया ब्लॉक

तेतुलमारी स्टेशन से निचितपुर स्टेशन तक रेल पटरी का स्लैब चेंज करने को लेकर रेलवे ने तीन घंटे तब ब्लॉक लिया था। इस दौरान अप लाइन को पूरी तरह बंद रखा गया। जबकि डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन सुचारू था। रेल लाइन पर हो रहे कार्य को लेकर सुबह 10 बजे से ही झारखोर में फाटक नंबर 7 को बंद कर दिया गया था, जिससे यहां से होकर आने जाने वाले लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। दोपहर लगभग 1।55 से शाम 4।55 बजे तक तीन घंटे तक रेलवे ने ब्लॉक लिया था। इस रेल लाइन के स्लीपर को चेंज करने का काम हुआ। मौके पर रेल विभाग के गोमो से एडीएन शुभम पटेल व धनबाद से एओएम अभिषेक तिवारी मौजूद थे। इस संबंध में एडीएन शुभम पटेल ने बताया कि समय के अनुसार रेलवे के द्वारा रेलवे लाइन के नीचे लगे स्लीपर को चेंज करने का काम किया जाता है।

## शारीरिक जांच परीक्षा में छठे दिन दौड़ के दौरान 6 अभ्यर्थी हुए बेहोश

**साहिबगंज:** जैप-09 परिसर में गुरुवार से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के निदेर्शानुसार झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत शुरू हुई उत्पाद पुलिस अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच परीक्षा में छठे दिन दौड़ के दौरान 6 अभ्यर्थी फिर बेहोश हो गए। आननफानन में पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रसाद, संयुक्त सचिव मनीष कुमार एम्बुलेंस से उन्हें ईलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। मिली जानकारी के अनुसार बेहोश हुए अभ्यर्थियों में जमुई के टुनटुन कुमार 28, सलारपुर के चंदन यादव 23, गया के विवेक कुमार 22, भोजपुर के मनोज कुमार 29, गोड्डा के राजेश रजक 29 व साहिबगंज सरकंडा के निवारण पासवान 29 शामिल हैं। ज्ञात हो कि शारीरिक परीक्षा के तीसरे दिन यूपी के मनोज कुमार, राजेस्थान के मनोज सिंह, खूंटी के देव नारायण महतो, गिरिडीह के सौरभ कुमार, हजारीबाग के आनंद कुमार प्रजापति, गुमला के सुदीप तिग्गा व साहिबगंज झरना कॉलोनी के अमन यादव भी बेहोश हो गए थे।

मांडर प्रखंड अंतर्गत टागरबसली पंचायत के ग्राम परियागो में

## ग्रामीणों से मिलने पहुंची विधायक

मेट्रो रेज

**मांडर :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की क्षेत्र भ्रमण के लिए टांगरबसली पंचायत अंतर्गत प्रयागो गांव पहुंची। यहां पहुंच कर विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी, उनके दुख दर्द को समझा और हरसंभव समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद विधायक द्वारा अबुआ आवास, सावित्री फुले बाई योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन जैसे योजनाओं के बारे में जानकारी दी। और ग्रामीण जनता योजनाओं का अधिक से अधिक कैसे लाभ ले सके इसके बारे में भी विधायक ने बतलाया। साथ ही ग्रामीण जन ने विधायक को सड़क, पानी, बिजली जैसे समस्याओं के बारे में भी जानकारी दिया। इस पर विधायक ने ग्रामीणों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि यह सब कार्य जल्द से जल्द निदान कराने की बात कही और परियागो में एक मॉडल अखरा जल्द निर्माण करने की बातें कही। साथ ही साथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परियागो औपचारिक निरीक्षण किया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, पाइकर्स लकड़ा, प्रभु टोप्पो,अगसतुस टोप्पो, बेरनादेथ बेक,शमसुद्दीन अंसारी, गणेश साहू क्यों एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मारपीट में दो घायल, पुलिस से की शिकायत

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी क्षेत्र के गोपालचौकी मदनशाही निवासी मुन्ना खातून पति समसुद्दीन का बच्चा खेल रहा था। तभी नसीम अंसारी के पुत्र को मुन्ना खातून पुत्र को मारपीट कर दिया। मुन्ना खातून ने पुछने गए कि कि क्यों मारा।तभी सबीला खातून ,सकरुन खातून व अन्य ने मारपीट करने लगे।वहीं मुन्ना खातून व शमसुद्दीन को मारपीट कर घायल कर दिया।वहीं संमसुदीन ने इसकी शिकायत जिरवाबाडी पुलिस से किया जिरवाबाडी पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं पुलिस मामले कि छानबीन कर रही हैं।

## राज्य पंचायत सचिव दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य पंचायत सचिव संदा के आहवान पर राज्य के तमाम जिले की भाँति साहिबगंज जिला के सभी प्रखंडों में कार्यरत पंचायत सचिवों अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर जिला पंचायत राज पदाधिकारी कार्यालय के समझ जिला अध्यक्ष जागेश्वर पंडित के नेतृत्व में आज दूसरे भी हड़ताल पर डटे रहे।जिला अध्यक्ष ने बताया कि उपरोक्त चरणबद्ध आंदोलनात्मक कृत्य के उपरांत विभाग द्वारा सुध नहीं लिए जाने के फलतःभारी आक्रोशित होकर हम तमाम राज्यस्तरीय पंचायत सचिव आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल में हैं।महामंत्री जनक देव यादव ने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगे पूरी नही करती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर पंडित,महामंत्री जनकदेव यादव,उपाध्यक्ष परमेश्वर किस्कू, सुशील मरांडी,गुर बेसरा,अरुण कुमार साह,कोषाध्यक्ष छत्तेश्वर प्र० यादव,उत्तम कुमार,दीलिप कुए दत्ता, सत्यनारायण रजवार, शिवराम उराँव, सुनिल दास, मोनिका किस्कू, प्रियंका टिबडेवाल, सीता कुमारी, अनन्या कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, निशा कुमारी, स्नेहा कुमारी, आशा कुमारी, काजल कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, पूनम कुमारी,निशा कुमारी, अंजली कुमारी, शशीचंदा कुमारी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## कराटे का गुर प्राप्त कर छात्र-छात्राओं में आत्म रक्षात्मक शक्ति उत्पन्न होती है : दुर्गा प्रसाद

मेट्रो रेज



**कसमार :** सेंसी दुर्गा प्रसाद अपने जीवन का महत्व पूर्ण समय को कराटे के विकास में सर्मपन कर छात्र-छात्राओं के बीच आत्म रक्षात्मक शक्ति उत्पन्न करा रहें हैं ताकि अकेले पन में भी अपने विरोधियों एवं दुश्मन को मात देकर सुरक्षित महसूस कर सकें। श्री प्रसाद ने राजकीय कृत माध्यमिक उच्च विद्यालय बांधडीह में सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित कराटे चैंपियनशिप प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन कर रहे हैं । इनके प्रशिक्षण केन्द्र से प्रति वर्ष सैंकड़ों प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं में शामिल कराया जाता है । प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी विभिन्न स्थानों एवं संस्थानों में काम कर रोजगार उपलब्ध कर चुके हैं । प्रशिक्षण के संबंध में सेंसी श्री प्रसाद का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विधालय में भी इस प्रकार की कराटे की प्रशिक्षण के माध्यम से कमजोर युवाओं छात्र-छात्राओं को भी आत्म रक्षात्मक शक्ति उत्पन्न कर सबल बनाया जाये । इस कार्य की सफलता के लिए सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा कराटे चैंपियनशिप कराटे को प्राथमिकता देनी चाहिए ।

### टेंपो की टक्कर से दो युवक घायल, रेफर

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी क्षेत्र के सोती चौकी खुटहरी मदन शाही निवासी निवासी कहां का निवासी राजेश कुमार तांती पिता मुन्ना तांती को एक ई-रिक्शा ने सीधा टक्कर मार दिया जिसके कारण राजेश का पर में गंभीर चोट लगी ग्रामीणों की सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया अगर राजेश ने बताया कि मैं टेंपो पर सवार होकर कोने वाले सेट में बैठकर अपने घर जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से एक ई रिक्शा ने सीधा मेरे पैर पर टक्कर मार दिया जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया और गिर पड़ा इसी दौरान ई-रिक्शा चालक फरार हो गया स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## अंतर्राज्यीय छिनतई गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश




मेट्रो रेज

**मांडर :** थानांतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टांगरबसली ब्रांच के पास हुई छिनतई की घटना का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त पाँच अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है ये रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों के पास रेकी कर, पैसा निकालकर जाने वाले व्यक्तियों से छिनतई करते थे। अब तक इस तरह की 17 घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इनके पास से घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल, 12,800 नकद, बैंक पासबुक, मास्टर की, एवं चार मोबाइल फोन इत्यादि सामान बरामद किया गया है।


## 21 सूत्री मांगों के समर्थन में भारतीय मजदूर संघ प्रजातांत्रिक ने निकाला आक्रोश रैली

मेट्रो रेज




**साहिबगंज :** पत्थर उद्योग में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 522 रुपए दे इसका भुगतान बैंक अकाउंट के माध्यम से करने अबुआ आवास को आवंटित करने में जाति के नाम पर की जा रही परेशान को बंद करने समेत 21 सूत्री मांगों के समर्थन में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की ओर से साहिबगंज में पहले आक्रोश रैली निकाली गई फिर समाहरणालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन भी किया गया।रैली की अगुवाई संघ के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने की।रैली रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर से शुरू होकर चौक बाजार,स्टेशन चौक परिसर,कॉलेज रोड और विकास भवन रोड होते समाहरणालय तक पहुंचकर समाप्त हुआ।इस दौरान रैली में शामिल लोगों ने मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की। बाद में संघ के पांच सदस्यों का एक शिष्टमंडल राज्य के राज्यपाल के नाम संबोधित 21 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त की अनुपस्थिति में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु मिश्रा को समर्पित किया।रैली को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय महामंत्री राज कुमार यादव ने कहा कि भूमिहीन एवं गृह विहीनों को जमीन की बंदोबस्ती देकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने,किसानों को सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध कराने, डीएमएफटी फंड से जिले के स्कूलों एवं सरकारी अस्पतालों के बुनियादी ढांचा को मजबूत करने,इस फंड से विद्यालय में शिक्षक तथा पुस्तकें पुस्तक और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर व नर्स तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने,रोजगार सृजन के लिए मनरेगा योजना में अधिक से अधिक मजदूरों का जॉब कार्ड बनवाने एवं पुराने जॉब कार्ड की जांच कराने,निजी प्रतिष्ठानों में स्थानीय स्तर के 75 फीसदी बेरोजगारों का रोजगार मुहैया कराने,मजदूरों का ई पेंशन बढ़ाकर 10 हजार आदि करने की मांग की गई। संघ के जिला अध्यक्ष ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगे पूरी नहीं करती है तो आगे व्यापक रूप से चरणबद्द आंदोलन किया जाएगा।मौके पर केन्द्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केन्द्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता,रणधीर प्रसाद चौरसिया,ब्रह्मदेव यादव,चंचल यादव,रविन्द्र प्रसाद साह,महिला अध्यक्ष फुल कुमारी देवी,सीमा कुमारी,विश्वजीत मंडल,पिनाकी रंजन पिवी मालतो रामसागर चौधरी,सौरभ कुमार अर्जुन मंडल, ललित सिंह, निखिल यादव, मंजु देवी, शकुंतला दास,, रूप चंद राय, कार्तिक राय,प्रदीप भगत, मनोज खुदानियां,लप्पा हांसदा, धर्मल किस्कु यादव, वर्णवास मरांडी,अजय कुमार सहित सैकड़ो मजदूर संघ मौजूद थे।

# चियान विक्रम का खुलासा, कहा–मैंने कई फिल्में मुफ्त में कीं



**हाल ही** में मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तंगलान स्टार चियान विक्रम ने फिल्म के साथ अपने मजबूत कनेक्शन के बारे में खुलकर बात की और इसे अपने करियर की सबसे यादगार प्रोजेक्ट्स में से एक बताया। को-स्टार पार्वती थिरुवोथु और डायरेक्टर पा रंजीत के साथ स्टेज शेयर करते हुए विक्रम ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए कितनी महत्वपूर्ण है। विक्रम ने कहा, 'मैंने अपने करियर में कुछ जबरदस्त रोल्स किए हैं लेकिन तंगलान मेरे लिए बहुत बहुत खास है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा और अगर मैं जीवित रहा तो मैं इसे अपने पोते-पोतियों और परपोते-परपोतियों को दिखाने की प्लानिंग बना रहा हूं। विक्रम ने एक पत्रकार से मजेदार बातचीत की, जिसने उनसे तंगलान के लिए उनके इंप्रेसिव ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने कहा,'यह पैसा है!' वह आगे कहते हैं, 'मैं मजाक कर रहा हूं। मैंने मुफ्त में भी फिल्में की हैं, जब मैं इतना महत्वाकांक्षी नहीं था, लेकिन एक दिन मेरी पत्नी ने मुझे फोन किया और कहा, 'हमें टेबल पर खाना चाहिए' फिल्म में वह अक्सर धोती पहने नजर आते हैं, जिस पर विक्रम ने उसे सही करते हुए कहा, 'यह एक लॉइन या लंगोट है। मुझे पता था कि कई लोग इसे लेकर झिझक सकते हैं या असहज महसूस कर सकते हैं लेकिन मैंने इस भूमिका में कुछ गहरा देखा। यह मेरे लिए एक बड़ा कदम था। पहले दिन तो हम सभी शमाएं थे और बार-बार यही करते रहे (कपड़े को नीचे खींचते रहे)! लेकिन जब हमने देखा कि सभी एक ही तरह के कपड़े पहने हुए हैं, तो यह बहुत अच्छा लगा। 'तंगलान' में कपड़ों के बारे में बात करते हुए विक्रम ने बताया कि 'तंगलान' की फिल्मिंग एक अलग युग में कदम रखने जैसा था। उन्होंने बताया, ₹जब कोई बाहरी व्यक्ति हमारे यहां आता था, तो हम उन पर हंसते थे। वे ब्रांडेड कपड़े पहनते थे और धूप से बचने के लिए धूप का चश्मा लगाते थे। हम उन्हें मजाकिया अंदाज में देखते और आश्चर्य करते, 'वे इतने ज्यादा कपड़े क्यों पहने हुए हैं? बेचारे लोग!' ऐसा नहीं है कि यह (लंगोट पहनना) मुक्तिदायक है। यह बहुत खूबसूरत चीज है। यह समय में अपने सबसे शुद्ध रूप में वापस जाने जैसा था। मुझे अच्छा लगा कि मैं कैसा दिख रहा हूँ, और मुझे सच में इस समय उस कपड़े में न होने की कमी खल रही है।

विक्रम ने आखिर में कहा, इस तरह की फिल्म के लिए बड़ी ऑडियंस तक पहुंचना बहुत मुश्किल है। मैं इस मौके के लिए अपने प्रोड्यूसर्स और रंजीत को धन्यवाद देना चाहता हूं। तंगलान साउथ की एक नई फिल्म है, जो कोलार गोल्ड फील्ड्स की असल कहानी बताती है, जब अंग्रेजों ने इसकी खोज की थी। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से अंग्रेजों ने अपने मकसद के लिए इन गोल्ड फील्ड्स में लूटपाट की। अपने अनोखे कॉन्सेप्ट के साथ, तंगलान दर्शकों को नई और अनोखी कहानियाँ देने की साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की परंपरा को जारी रखता है। यह एक और उदाहरण है कि कैसे साउथ फिल्म इंडस्ट्री में बाउंड्रीज को आगे बढ़ाया जा रहा है। पा. रंजीत द्वारा डायरेक्टेड 'तंगलान' 15 अगस्त को साउथ इंडियन सिनेमाघरों में कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज हुई थी। यह फि ल्म 6 सितंबर को देशभर में हिंदी में रिलीज होने वाली है। 'तंगलान' में चियान विक्रम, पार्वती थिरुवोथु और मालविका मोहनन लीड रोल्स में हैं। फि ल्म का संगीत जी.वी. प्रकाश कुमार ने दिया है।



# 'स्त्री-2' की सफलता के बाद नए घर में शिफ्ट होंगी श्रद्धा कपूर

**अभिनेत्री** श्रद्धा कपूर फिल्म 'स्त्री-2' बाक्स आफिस पर जबरदस्त सफलता दर्ज कर रही है। फिल्म ने एक हफ्ते में 300 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म की सफलता के बीच अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपने नए घर में शिफ्ट हो रही हैं। 'स्त्री-2' में अक्षय ने कैमियो भी किया था। अब दोनों एक दूसरे के पड़ोसी बनने जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा कपूर जुहू में एक घर किराए पर ले रही हैं, जहां ऋतिक रोशन रहते हैं। यह समुद्र की ओर मुख वाला फ्लैट है। पहले इस घर में वरुण धवन अपनी पत्नी नताशा के साथ शिफ्ट होने वाले थीं, लेकिन यह डील आगे नहीं बढ़ पाई। अक्षय भी अपने परिवार के साथ ऋतिक के फ्लैट वाली ही बिल्डिंग में एक लग्जरी डुप्लेक्स फ्लैट में रहते हैं। इस फ्लैट का किराया करीब 8.5 लाख रुपये होने वाला है। श्रद्धा कपूर अब तक अपने माता-पिता के साथ जुहू स्थित एक अपार्टमेंट में रह रही थीं। अब वह पहली बार अकेले शिफ्ट होने जा रही हैं। कुछ दिन पहले एक शो में उन्होंने पूछा था कि क्या उन्हें अपने माता-पिता को छोड़कर दूसरे घर में शिफ्ट हो जाना चाहिए। जाकिर का जवाब वायरल हो गया। फिल्म 'स्त्री-2' इस माह 15 अगस्त को रिलीज हुई थी। फिल्म में राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना भी हैं। यह फिल्म वर्ष 2018 में आई 'स्त्री' का सीक्वल है। खबर है कि 'स्त्री-3' की स्क्रिप्ट पर काम भी अब शुरू हो चुका है।

# पैरालंपिक चैंपियंस के सपोर्ट में आए आयुष्मान खुराना





**भारत** के मशहूर अभिनेता, गायक और सकारात्मक बदलाव के प्रतीक आयुष्मान खुराना ने एक बार फिर अपने प्रभाव का इस्तेमाल सामाजिक मुद्दों के लिए किया है।

अब वह भारत की पैरालंपिक टीम का समर्थन कर रहे हैं, जो आज से पेरिस में आयोजित होने जा रहे 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक्स के लिए रवाना हो रही है।

यूनिसेफ इंडिया के नेशनल एम्बेसडर आयुष्मान खुराना ने यूनिसेफ के साथ मिलकर भारतीय पैरालंपिक टीम के अदम्य साहस और अविचलित दृढ़ संकल्प को पहचानते हुए उनका समर्थन करने का आह्वान किया है। आयुष्मान खुराना ने हर नागरिक से इन अद्वितीय एथलीटों का समर्थन और जश्न मनाने की अपील की, जो अपनी हिम्मत और संकल्प से पूरे देश को प्रेरित कर रहे हैं।

आयुष्मान खुराना ने कहा, 'हमारे पैरालंपिक चैंपियंस की अदम्य भावना हर किसी के लिए एक जीवंत उदाहरण है कि किसी भी चुनौती को अपने सपनों के रास्ते में नहीं आने देना चाहिए। ये एथलीट विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए प्रेरणा हैं, जो यह याद दिलाते हैं कि कोई भी चुनौती अजेय नहीं है।'




# फिल्म कुबेर से जिम सर्भ का पहला लुक सामने आया

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी आगामी पैन इंडिया फिल्म कुबेर एक मनोरंजक थ्रिलर होने का वादा करती है, जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निमार्ताओं ने एक विशेष पोस्टर के माध्यम से फिल्म से उनके पहले लुक का अनावरण करके जिम सर्भ का जन्मदिन मनाया। पोस्टर में जिम सर्भ नकदी के बंडलों के बीच खड़े दिखाई दे रहे हैं, जो एक शालीन और महत्वाकांक्षी व्यवसायी का किरदार निभा रहे हैं। उनका किरदार निर्दयी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने की इच्छा से प्रेरित है। सफलता की तलाश में वह किसी भी चीज या किसी को भी खत्म करने में संकोच नहीं करेगा, जो उसके रास्ते में आती है। कुबेर महाकाव्य अनुपात का एक सोशल ड्रामा बनने जा रहा है, जिसकी फिल्म तमिल और तेलुगु दोनों में बड़े पैमाने पर शूट की जा रही है। फिल्म की अपील को बढ़ाते हुए, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद साउंडट्रैक प्रदान करेंगे।



# विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज

रांची : वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता जो स्वीडन में हुआ था के विजेता खिलाड़ी आज रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उनका जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें मधु उरांव, मेरी,और ,ठाकुर को फूल माला बुके देखकर सम्मानित किया गया । झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम ,अध्यक्ष राजकुमार वाल्मीकि,आरपी सिंह, संजय चक्रवर्ती रेलवे के अधिकारी बक्शी भी आए हुए थे।

अस्मिता खेलो इंडिया वीमेन वुशु लीग सम्पन्न

# राजस्थान की टीम 17 गोल्ड मेडल के साथ ओवरआल चैंपियन




**मेरठ :** मेरठ के गॉडविन पब्लिक स्कूल में 24 अगस्त से चल रहें अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन वीमेन वुशु लीग आज सम्पन्न हो गया। इस लीग में राजस्थान की टीम 150 अंको के साथ पहले, उत्तरप्रदेश की टीम 142 के साथ दूसरे और मध्यप्रदेश की टीम 54 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही। झारखण्ड की टीम 33 अंको के साथ चौथे स्थान पर रही।

इस लीग के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ प्रेम वर्मा आई आर एस, प्रिंसिपल कमिश्नर जी एस टी और नूपुर गोयल आई ए एस, विकास अधिकारी थी. इन्होने महिलाओ खिलाड़ियों के बिच ग्रासरूट लेवल पर खेलो की पहुंच बनाने के लिए सरकार के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की.

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबध ह। 24 अगस्त से चल रहें इस वीमेन वुशु लीग में वेस्ट जोन के विभिन्न राज्य राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्यप्रदेश, झारखण्ड और मेजबान उत्तरप्रदेश के तकरीबन 700 खिलाड़ियों और अधिकारियों ने भाग लिया. लीग के समापन समारोह के अवसर पर भूपेंद्र सिंह बाजवा (इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन ) सुहेल अहमद सहित प्रेसिडेंट उत्तरप्रदेश वुशु एसोसिएशन , वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी,कई गणमान्य अतिथि, वुशु के तकनीकी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में खिलाडी मौजूद थे।

### झारखण्ड की टीम 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल के साथ पांचवे स्थान पर रही

ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के तकरीबन 700 खिलाड़ी और अधिकारियों ने भाग लिया. समापन समारोह के अवसर पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट जीतेन्द्र सिंह बाजवा ने बताया की शीघ्र ही नेशनल वीमेन वुशु लीग का आयोजन होगा । जिसमे प्रत्येक वर्ग में सफल बेहतरीन आठ खिलाडी भाग लेंगे और इनामी राशि के लिए जोर आजमाइश करेर्गे और ये वही खिलाडी होंगे जो विश्व पटल पर जित का परचम लहराएंगे.

**झारखण्ड के पदक विजेता खिलाड़ी**

**स्वर्ण पदक :** गीता खलखो,मीनू मुंडा ,अनीता कुमारी ,प्राची कुमारी
**सिल्वर पदकः** संगीता उरांव,सुनीता गारी ,वाणी कुमारी
**कांस्य पदकः** निशि उरांव ,रौशनी कुमारी ,विद्या चौहान ,शीतल कुमारी

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अबरार, कामरान पाकिस्तानी टीम में शामिल

एजेंसी

**रावलपिंडी ।** बांग्लादेश के खिलाफ 30 अगस्त से 3 सितंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए अबरार अहमद और कामरान गुलाम को पाकिस्तान क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है।

अपने असाधारण नियंत्रण और उपमहाद्वीप की पिचों पर टर्न हासिल करने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले लेग स्पिनर अबरार से पाकिस्तान को अतिरिक्त स्पिन विकल्प मिलने की उम्मीद है। मध्यक्रम के बल्लेबाज कामरान बल्लेबाजी लाइनअप में गहराई और स्थिरता




लाते हैं। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी पहले टेस्ट के समापन पर रिलीज किए जाने के बाद टीम में वापस आ गए हैं। पीसीबी ने जारी एक बयान में कहा, 'अबरार अहमद और कामरान गुलाम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान टेस्ट टीम में शामिल हो गए हैं, जो 30 अगस्त से 3 सितंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।' इन खिलाड़ियों के अलावा, आमिर जमाल को भी टीम में शामिल किया गया है, हालांकि दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी उनकी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगी। होनहार प्रतिभा वाले उभरते ऑलराउंडर जमाल पहले टीम से बाहर किए जाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे थे। स्पिनर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रृंखला के पहले मैच को दस विकेट से अपने नाम कर टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान पर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया था।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीमः शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल (फिटनेस के अधीन), अबरार अहमद, अब्दुल्ला शफीक, बाबर आजम, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेट-कीपर), नसीम शाह, सैम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेट-कीपर) और शाहीन शाह अफरीदी।

न्यूज ब्रीफ

## पुलिस मुठभेड़ में वांछित हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली, गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस को मुठभेड़ में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने में कामयाबी मिली है। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर आशुतोष शिवम ने बताया कि बीती रात बुधवार/गुरुवार को गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस संदिग्धों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी सयाना की ओर से एक मोटर साइकिल सवार युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब मोटर साइकिल सवार को रोकने के लिए इशारा किया तो वह मुड़कर भागने लगा और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें बदमाश के पैर पर गोली जा लगी और वह घायल हालत में गिर गया। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम रोहित अर्रा बढ़पुर गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली का रहने वाला बताया है। उस पर जनपद के विभिन्न थानों में लूट, हत्या, डकैती, गौकशी, गैंगरेप के एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। सीओ ने बताया कि अभियुक्त ने हाल ही दो वारदातें अंजाम दी हैं, जिसमें वह वांछित चल रहा था। उसके कब्जे से एक तमंचा और बाइक, खोखा व जिंदा कारतूस और गौकशी करने के उपकरण बरामद हुए हैं। अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री साय आज राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को करेंगे पुरस्कृत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गुरूवार को राज्य खेल अलंकरण समारोह में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा।

## कानपुर में अब तक पीएम सूर्य घर योजना का लाभ पाने के लिए 14566 लोगों ने कराया पंजीकरण

**कानपुर।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक केस्को कम्पनी में कुल 14566 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। यह जानकारी गुरुवार को कानपुर परियोजना अधिकारी यूपीनेडा राकेश कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए केस्को में कुल 14566 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। जबकि अनुप्रयोग स्थिति संख्या 4392 है। व्यवहार्यता स्वीकृत स्थिति 4163 तथा 3 व्यवहार्यता अस्वीकृत मिली हैं। हालांकि 226 व्यवहार्यता लंबित स्थिति में हैं और 1411 इंस्टॉलेशन स्थिति में और 1073 निरीक्षण स्वीकृत स्थिति तथा 338 की निरीक्षण लंबित स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि अभी हाल में कुछ लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी दीजा जैन ने केन्द्र सरकार की इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर जन जन पहुंचाने का निर्देश दिया है। जिससे बहुत इसका लाभ लेने में आम जनता आगे आए हैं।

## कुपवाड़ा में दो जगह मुठभेड़, तीन आतंकवादियों के मारे जाने की संभावना

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की संभावना है। यह जानकारी सेना के एक प्रवक्ता ने आज सुबह दी। इस प्रवक्ता ने कहा कि संभावित घुसपैठ की खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार मध्यरात्रि मच्छल क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। मौसम खराब होने के बावजूद संदिग्ध गतिविधि होने पर सैनिकों ने गोलीबारी की । इस कार्रवाई में दो आतंकवादियों के मारे जाने की संभावना है। इसके अलावा तंगधार में ऐसी ही अभियान के दौरान एक आतंकवादी के मारे जाने की संभावना है। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों जगह अभियान जारी है।

## बलूचिस्तान में आतंकी हमले की गाज आईजी अब्दुल खालिक शेख पर गिरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत बलूचिस्तान में हाल में हुए आतंकी हमले की गाज पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अब्दुल खालिक शेख पर गिरी है। संघीय सरकार ने बुधवार को उन्हें बलूचिस्तान से हटा दिया। उनके स्थान पर मोअज्जम जाह अंसारी को नया आईजी नियुक्त किया गया है। डॉन अखबार के अनुसार, स्थापना प्रभाग ने इस आशय की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान पुलिस सेवा के बीएस-21 अधिकारी अब्दुल खालिक शेख को पद से हटा दिया गया है और बीएस-22 के एक अन्य पीएसपी अधिकारी मोअज्जम जाह अंसारी को आईजीपी नियुक्त किया गया है। शेख को ₹तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक₹ स्थापना प्रभाग को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

## तीन बच्चों की मां को प्रेमजाल में फंसाकर पति की कर दी हत्या

**पूर्वी चंपारण।** पहले पत्नी को प्रेम जाल में फंसाया, फिर उसके पति की कर दी हत्या। वाक्या पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र का है, जहां बीते 4 अगस्त को बगहा- दीपही रोड स्थित स्कूल के पास में आफताब आलम की हत्या कर दी गई। घटना के अनुसंधान के बाद परत दर परत मामला खुलता गया और नतीजतन पहले पत्नी का आशिक रोहित गिरफ्तार हुआ, जिसकी निशानदेही पर अब मृतक की पत्नी नाजनीन खातून भी पुलिस के हत्थे चढ़ गई। दरअसल जो बातें पुलिस अनुसंधान में सामने आई है, उसके मुताबिक रोहित आइस क्रीम बेचता था, जो अमूमन रोज ही नाजनीन के घर के पास पहुंच जाता था और उसे खूब आइसक्रीम खिलाते-खिलाते अपने प्रेम की जाल में फंसा लिया। प्यार इस कदर परवान चढा कि नाजनीन ने अपने पति आफताब और अपने दो बेटे और एक बेटी की परवाह नही की और फिर प्रेम में बाधा बन रहे आफताब को रास्ते से हटाने के लिए उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना में रोहित के कुछ सहयोगी भी साथ थे, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। उक्त दम्पति की शादी 10 साल पहले हुई थी। बावजूद इसके प्यार इस कदर परवान चढा कि प्रेमी और प्रेमिका साजिशन हत्या कर बैठे। हत्या के इस मामले में पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी जिसमें ढाका के सर्किल इंस्पेक्टर धनंजय कुमार निर्दोष, घोड़ासहन एसएचओ अनुज कुमार पांडेय, पीएसआई विकास कुमार, मधु कुमार सहित सशस्त्र बल ने बीते बीस दिनो से गहन तकनीकी अनुसंधान के बाद मामले का खुलासा कर दिया है।

# भीषण बारिश के कारण गुजरात में आयी बाढ़

### वडोदरा और सौराष्ट्र क्षेत्र हालात बेहद खराब, मरने वालों की संख्या 26 हुई

एजेंसी



गुजरात में गुरुवार को भी बारिश का कहर जारी रहा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 19 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जिससे चार दिनों में मरने वालों की संख्या 26 हो गई। लगातार चौथे दिन राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण बाढ़ प्रभावित इलाकों से करीब 17,800 लोगों को निकाला गया।

मोरबी जिले के हलवद तालुका के अंतर्गत धवना गांव के पास रविवार को एक ओवरफ्लो कॉजवे को पार करते समय जिस ट्रैक्टर ट्रॉली में वे यात्रा कर रहे थे, उसके बह जाने के बाद लापता हुए सात लोगों के शव बरामद किए गए।

वडोदरा में बारिश थमने के बावजूद, शहर से होकर बहने वाली विश्वामित्री नदी के अपने किनारों को तोड़कर आवासीय इलाकों में घुसने और इमारतों, सड़कों और वाहनों के जलमग्न होने के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई।

बुधवार को सौराष्ट्र क्षेत्र के देवभूमि द्वारका, जामनगर, राजकोट और पोरबंदर जैसे जिलों में शाम 6 बजे तक 12 घंटे की अवधि में 50 मिमी से 200 मिमी बारिश हुई। इस अवधि के दौरान देवभूमि द्वारका जिले के भानवद तालुका में 185 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम पटेल से बात की

गुजरात के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को फोन कर स्थिति का जायजा लिया और प्राकृतिक आपदा से निपटने में राज्य को केंद्र की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। एक्स पर एक पोस्ट में सीएम पटेल ने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने गुजरात में भारी बारिश की स्थिति के बारे में मुझसे फोन पर बात की और राहत एवं बचाव कार्यों का ब्योरा लिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जान-माल की सुरक्षा के बारे में दिशा-निर्देश दिए और केंद्र सरकार की ओर से सभी आवश्यक सहयोग और सहायता का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री गुजरात के बारे में चिंता जताते हुए लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। गुजरात के लोगों के प्रति उनका गहरा लगाव है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान और जब भी जरूरत होती है, वे हमेशा गुजरात और राज्य के लोगों के साथ खड़े रहते हैं। मंत्री रुशिकेश पटेल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वडोदरा में अब तक 5,000 से अधिक लोगों को निकाला गया और 1,200 अन्य लोगों को बचाया गया। बुधवार को शहर में सेना की तीन अतिरिक्त टुकड़ियां तथा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टुकड़ियां तैनात की गईं। मुख्यमंत्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ का पानी कम होते ही वडोदरा शहर में सफाई उपकरण तैनात किए जाएं तथा कीटाणुनाशक का छिड़काव किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इस उद्देश्य के लिए अहमदाबाद और सूरत नगर निगमों तथा भरूच और आणंद नगर पालिकाओं की टीमों को वडोदरा में तैनात किया जाए। मुख्यमंत्री ने वडोदरा में बचाव और राहत कार्यों में प्रशासन की सहायता के लिए एनडीआरएफ की पांच अतिरिक्त टीमें तथा सेना की चार टुकड़ियां तैनात करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद और सूरत से बाढ़ प्रभावित शहर में अतिरिक्त बचाव नौकाएं भी भेजी जानी चाहिए।

### सौराष्ट्र क्षेत्र में आज अत्यधिक भारी बारिश की संभावना: आईएमडी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को सौराष्ट्र के जिलों के अलग-अलग हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

अधिकारियों ने बताया कि वडोदरा शहर में अपने घरों और छतों में फंसे लोगों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), उसके राज्य समकक्ष एसडीआरएफ और इस उद्देश्य के लिए तैनात सेना की तीन टुकड़ियों की टीमों द्वारा बचाया गया और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में तीन सितंबर को पेश हो सकता है दुष्कर्म विरोधी बिल



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने दुष्कर्म विरोधी बिल को विधानसभा में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तीन सितंबर को विधानसभा में पेश किए जाने की संभावना है। विधानसभा सचिवालय के एक अधिकारी के अनुसार, बिल का मसौदा को तैयार करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र दो सितंबर से शुरू होगा।

उल्लेखनीय है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना की पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शुरू से ही आरोपित को फांसी देने की मांग करती रही हैं। तृणमूल छात्र दिवस के स्थापना दिवस के मंच से भी उन्होंने इस मांग को दोहराया। कैबिनेट बैठक में इस बिल को लाने के फैसले पर अंतिम सहमति दी गई है। बैठक के बाद बिल पेश करने की तारीख तय की गई।

ममता बनर्जी ने कहा है, ₹मैं अगले हफ्ते अध्यक्ष से कहकर सत्र बुलाऊंगी। हम पश्चिम बंगाल विधानसभा की तरफ से अगले दस दिनों के भीतर 'दुष्कर्मियों को फांसी' के पक्ष में इस बिल को पास करके राज्यपाल के पास भेजेंगे। उन्होंने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा, मैं जानती हूं कि राजा की नीति क्या है। राजाबाबू कुछ नहीं करेंगे। अगर नहीं किया तो महिलाएं राजभवन के सामने घंटों तक बैठेंगी। इस बिल पर हस्ताक्षर करने होंगे। राज्यपाल राष्ट्रपति के पास भेजकर अपना दायित्व पूरा नहीं कर सकते हैं।

## प्रतापगढ़ : पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले में रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की देर रात बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने गुरुवार को सुबह पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना रानीगंज में दो लूट की घटनाओं के संबंध में बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई थी। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देशन में सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, प्रभारी निरीक्षक रानीगंज आदित्य कुमार सिंह, प्रभारी स्वाट सुनील कुमार यादव की पुलिस टीम को बीती रात लुटेरों के रानीगंज इलाके में होने की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने इलाके में घेराबंदी की। इस बीच मोटर साइकिल सवार दो युवकों को आता देखा गया। पुलिस टीमों को देख मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गई। जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

मुख्यमंत्री योगी का कानपुर दौरा

## सुरक्षा में पुख्ता इंतजाम के साथ ड्रोन से निगरानी

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव से पूर्व गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 751 करोड़ के विकास कार्यों के जरिए मतदाताओं में जोश भरने के लिए लगभग 11 बजे कानपुर पहुंचेंगे। उनके आगमन एवं प्रस्थान तक की सुरक्षा व्यवस्था में 4 हजार जवानों की तैनाती की गई। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन और स्नाइपर के जवान लगातार निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं। अपर आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कानपुर के चुन्नीगंज स्थित जीआईसी ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल से लेकर पुलिस लाइन तक भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा में 4 हजार जवान, 5 ड्रोन और स्नाइपर भी तैनात, 2500 से अधिक नागरिक पुलिसकर्मी, पीएसी और सीआरपीएफ के घेरे के साथ ही 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीएम का हेलीकॉप्टर गुरुवार को पुलिस लाइन में सुबह 11 बजे उतरेगा। अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे। 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण वितरण होगा और 8087 युवाओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री 751 करोड़ की 442 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

## हसीना के पूर्व सलाहकार रहमान और पूर्व कानूनमंत्री सादिख को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेजा

**ढाका।** ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट नुरुल हुदा चौधरी ने हालिया छात्र आंदोलन के दौरान बड्डा में एक युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में शेख हसीना के पूर्व सलाहकार सलमान एफ रहमान और पूर्व कानूनमंत्री अनीसुल हक को आज सुबह हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए पुलिस को पांच दिन का और समय दिया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, अदालत ने दोनों को चौथी बार एजेंसी को पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस आज रिमांड की अवधि खत्म होने पर दोनों को कोर्ट लेकर पहुंची। इसके अतिरिक्त, अदालत ने राजधानी के रूबेल हत्याकांड केस में पूर्व विधायक मोहम्मद सादेक खान और पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जियाउल अहसन को पांच दिन के रिमांड पर भेजा।

## सांसद के लगाए गए आरोप के आधार पर विधायक के ब्लड की हो जांच : ज्योति सिंह

एजेंसी



**भागलपुर।** जदयू के गोपालपुर के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल और भागलपुर के जदयू सांसद अजय मंडल के बीच चल रहे विवादों के बीच अब कांग्रेस की भी इंट्री हो गई है। बीते दिनों जदयू के विधायक गोपाल मंडल ने एक सभा के दौरान जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल को गोरका नाग और सांसद अजय मंडल को करका नाग तक कह डाला था, जिसपर पलटवार करते हुए सांसद अजय मंडल ने कहा था कि गोपाल भैया झारखंड के लाल पानी का सेवन करते हैं, इसलिए उनकी जुबान बहक जाती है। सांसद के द्वारा विधायक पर लाल पानी के सेवन की जांच कराने की मांग कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति सिंह ने कर दी है।

ज्योति सिंह ने कहा कि सम्मानित जनता के मतों से चुने गए विधायक और सांसद खुलेआम अमर्यादित और असंवैधानिक भाषा के द्वारा आम जनता के मतों का अपमान कर रहे हैं। विधायक किसी को काला नाग और किसी को सफेद नाग बोल कर आर्टिकल 15 का उलंघन करते हैं। सांसद अजय मंडल विधायक गोपाल मंडल पर इस तरह की भाषा के लिए किसी द्रव्य का प्रभाव बताते हैं।

ज्योति सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सांसद की इस आशंका को गंभीरता पूर्वक लेती है और भागलपुर के एसएसपी और डीएम से मांग करती है कि जिस तरह आप लोग गरीब लोगों को पकड़ कर उनका ब्लड टेस्ट करते हैं। उस तरह सांसद के कहने पर आप विधायक गोपाल मंडल का भी ब्लड टेस्ट कराएं और पता करें कि उन्होंने उस द्रव्य का सेवन कहां किया, किसके साथ किया और कब किया। अगर सांसद गलत बोल रहे हैं तो विधायक के इमेज को खराब करने पर जो कानून के हिसाब से धाराएं लगती है, एसएसपी वो एक्शन लें। क्योंकि इस देश के संविधान में कानून सब के लिए बराबर है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बोलते हैं कि केंद्र की सरकार और एनडीए की राज्यों की सरकार केवल 1 फीसदी लोगों के लिए काम करती है, जो अमीर है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी




**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार होता रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिका में दूसरी तिमाही के जीडीपी अनुमान आने के पहले निवेशक सतर्क होकर कारोबार करते नजर आए। इसके साथ ही कुछ दिग्गज कंपनियों के निराशाजनक तिमाही परिणामों की वजह से बाजार पर दबाव भी बना रहा। इस दबाव की वजह से एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,592.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 198.79 अंक यानी 1.12 प्रतिशत टूट कर 17,556.03 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,184.85 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 8,343.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,577.67 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 100.48 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,782.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,107 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,402.57 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,697.22 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 38,366.69 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 115.62 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,576.83 अंक के स्तर तक गिर गया है। कोस्पी इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 0.88 प्रतिशत टूट कर 2,666.26 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 183.08 अंक यानी 0.82 प्रतिशत लुढ़क कर 22,187.58 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,362 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स से 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,824.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## पूरे बंगाल में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, कुछ इलाकों में बारिश की संभावना

एजेंसी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत पूरे राज्य में आगामी 24 घंटों के लिए कोलकाता का मौसम पूवार्नुमान आंशिक रूप से बादल छाए रहने का है। शहर के कुछ हिस्सों में बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

गुरुवार को मौसम विभाग ने बताया है कि अधिकतम तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। हालांकि, पिछले 24 घंटों के आंकड़ों के अनुसार, अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक है। कोलकाता में 28 अगस्त 2024 को सुबह 6:30 बजे से लेकर 29 अगस्त 2024 को सुबह 6:30 बजे तक बारिश नहीं हुई है, और सुबह 8:30 बजे से अब तक भी बारिश का कोई रिकॉर्ड नहीं है। आर्द्रता के स्तर की बात करें तो अधिकतम आर्द्रता 98 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 63 फीसदी दर्ज की गई है, जो मौसम में नमी का संकेत देती है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

हावड़ा और हुगली जिलों में मौसम मिलाजुला रहेगा। कहीं-कहीं हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। मिदनापुर (पूर्व और पश्चिम) में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाइगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों में भी हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। बंगाल के विभिन्न जिलों में मौसम के इस मिजाज को ध्यान में रखते हुए, नागरिकों को अपने दैनिक कार्यों की योजना बनाते समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।



## चक्रधरपुर लोको स्थित राम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनी जन्माष्टमी

**चक्रधरपुर:** लोको स्थित राम मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मंदिर के पूजारी नित्यानन्द पाण्डे द्वारा रात्रि बारह बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म के अवसर पर वैदिक मंत्रोचारण और विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन श्रद्धालु और महिलाएं भी उपस्थित रहीं। सबों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म के अवसर पर पूजा अर्चना एवं भगवान श्री कृष्ण का पूर्ण रूपेण भक्तिभावना के साथ उनके आगमन का स्वागत किया। रात्रि बेला में पुरा क्षेत्र कृष्णमय हो गया और इस अवसर पर मंदिर के पूजारी नित्यानन्द पाण्डे ने लल्ला के आगमन पर हर्ष और प्रसन्नता के साथ नन्हे बालक श्री कृष्ण का स्वागत भी किया। इस अवसर पर श्री पाण्डे ने बताया कि आठ दिनों तक चलने वाले महापर्व के अवसर पर नन्हा कान्हा के छठी भी काफी धूम-धाम और हर्षोल्लास के साथ मनाये जायेंगे। उक्त दिन उन्होंने भक्तजनों और श्रद्धालुओं से मुख्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह भी किया है। विदित हो कि राममंदिर प्रांगण में प्रत्येक पर्व और त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और भक्तजनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखते ही बनती है।

## कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के प्रयास से बदला गया ट्रांसफार्मर

**कोलेबिरा:** दो हफ्ते से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण बिजली न होने की समस्या झेल रहे थे जोराम के ग्रामीण। मगर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के प्रयास से ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है। इसके लिए कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देश पर उसके प्रतिनिधि समी आलम, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम आदि ने बुधवार को मरम्मती केंद्र पहुंचकर विभाग से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर दिलवाया, जिसे लेकर जोराम में पुराने स्थान पर लगाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के प्रयास से मिले ट्रांसफार्मर पर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, कय्यूम आलम,अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, हासिम मौजूद थे।

## जहरीले सांप के काटने से दो दिन में दो बच्चों की मौत

**लोहरदगा:** अगर आप रात को सोने जा रहे हैं, तो सावधान रहें। बिस्तर और कमरे की अच्छी तरह से जांच कर लें, कहीं कोई जहरीला जीव न छिपा हो। लोहरदगा जिले में पिछले दो दिनों में सांप के काटने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। दोनों ही घटनाएं उस समय हुईं जब बच्चे अपने बिस्तर पर सो रहे थे, और इस बार यह घटना सदर थाना क्षेत्र के ऐने गांव में सामने आई है।

**अंधविश्वास ने ली मासूम की जान:** जिले में अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी हैं कि लोग झाड़फूंक जैसी प्रथाओं में विश्वास करते हुए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। सदर थाना क्षेत्र के ऐने गांव में सांप के काटने से 12 वर्षीय नेयरा उरांव की मौत हो गई। नेयरा, संदीप उरांव का पुत्र था, जो रात में अपने घर में सो रहा था, जब उसे हाथ में सांप ने काट लिया। परिवार ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन अस्पताल में इलाज के बाद भी झाड़फूंक का सहारा लिया गया।

हालत बिगड़ने पर नेयरा को लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि बच्चे के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसके शव को घर ले गए। पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए समझाने की कोशिश की जा रही है, और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मांडर- बेड़ो में जल्द चालू होगा कोल्ड स्टोरेज: दीपिका पाण्डेय

**रांची:** कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय ने कहा है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मांडर एवं बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को जल्द ही चालू करने का प्रयास किया जायेगा। आज मांडर में अपने दौरे के क्रम में दीपिका पाण्डेय सबसे पहले मांडर पहुँची जहाँ मांडर चौक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उनके साथ मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी थी। मांडर प्रखण्ड के बूढ़ाखोखरा में कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संवेदक से बातचीत की और सभी तकनीकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जल्द ही समाधान के पश्चात निर्माण कार्यों को पूरा किया जायेगा। इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में बिजली आदि की व्यवस्था भी अविलम्ब की जायेगी। मांडर के बाद कृषि मंत्री बेड़ो पहुँची जहां केशा मोड़ पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। केशा मोड़ पर उन्होंने एक कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्था को देखा। उसके बाद वह बाजारटांड पहुँची जहाँ उन्होंने कोल्ड स्टोरेज को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वह मांडर, बेड़ो, ईटकी, लापुंग एवं चान्हो क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का अविलंब समाधान करें। श्रीमती तिर्की ने कृषि मंत्री को जानकारी दी कि प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अन्य समस्याओं से भी यहाँ के किसानों विशेषकर महिला किसानों को जूझना पड़ रहा है और इसका खामियाजा उन्हें पारिवारिक स्तर पर उठाना पड़ रहा है। इस अवसर पर भवन निर्माण विभाग के अनेक अभियंता और अनेक वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### कोल्हान की राजनीति में महत्वपूर्ण दिन

# चंपाई सोरेन ने की झामुमो छोड़ने और बीजेपी में शामिल होने की घोषणा



**बिनय मिश्रा**

**झारखण्ड** विधानसभा चुनाव में अब महज कुछ ही दिन बचे हैं। इसी क्रम में झारखण्ड की राजनीति में उलटफेर भी हो रहा है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के दिग्गज नेता एवं पांच माह के लिए बनाये गये मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने यह सार्वजनिक तौर पर यह घोषणा कर दी है कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को वो छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पार्टी छोड़ने और नये पार्टी में शामिल होने की वजह भी उन्होंने गिनायी और बतायी। कोल्हान टाइगर के नाम से सुविख्यात राजनीतिज्ञ चम्पाई सोरेन का 1991 के लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी के रूप में तत्कालीन सरायकेला के विधायक कृष्णा मार्डी के सांसद बनने के बाद श्री मारडी ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी के रूप में अपनी पत्नी मोती मार्डी को चुनाव लड़ाने की बात कही थी वहीं चम्पाई सोरेन ने भी इस विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सरायकेला विधानसभा चुनाव को काफी रोचक बना दिया था। क्योंकि दोनों की सशक्त दावेदारी से दोनों की प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे और वो भी निर्दलीय। चम्पाई सोरेन को चुनाव चिन्ह घंटी आवंटित हुई और उन्होंने सरायकेला विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी जनाधार और लोकप्रियता भी साबित किया था। इसके बाद इस विधानसभा क्षेत्र से अविभाजित बिहार के समय वर्ष 2000 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के अनन्त राम टुडू चुनाव जीतने में सफल रहे थे। इसके बाद 15 नवम्बर को झारखण्ड राज्य बनने के पश्चात जितने भी विधानसभा चुनाव हुए श्री सोरेन विधान सभा चुनाव जीतते रहें। काबीना मंत्री के पश्चात राजनीतिक घटना और उलटफेर के फलस्वरूप झामुमो की ओर से इन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया और सहयोगी पार्टी कांग्रेस, राजद ने इनका समर्थन किया था। पांच माह के पश्चात हेमन्त सोरेन पुनः मुख्यमंत्री बनें और सत्ता पर काबिज हुए। श्री सोरेन के मुख्यमंत्री पद से हटने के पश्चात यह संभावना व्यक्त की जा रही थी कि झामुमो में बुट और फुट की स्थिति हो सकती है और अब ऐसा ही हुआ भी है। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर चुके हैं। दिल्ली प्रवास के पश्चात झारखण्ड उनका आगमन हो चुका है और यह संभावना व्यक्त हो चुका है कि तीस अगस्त को श्री सोरेन अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम के आयोजन से या फिर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी में शामिल होंगे। कोल्हान की राजनीति में चम्पाई सोरेन एक मजबुत स्तंभकार हैं और इसका लाभ विधानसभा चुनाव में निश्चित तौर पर अवश्य मिलेगा ऐसा राजनीतिक विश्लेशकों का मानना है क्योंकि श्री सोरेन के मुख्यमंत्री रहते लोकसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस ने कई सीट जीतकर मुख्यमंत्री के बेहतर कार्य और विकास कार्यों के फलस्वरूप यह परिणाम माना था झामुमो ने दुमका, सिंहभूम और राजमहल संसदीय क्षेत्र चुनाव जीतने में सफल रहा तो वहीं कांग्रेस खूँटी और लोहरदगा संसदीय सीट जीतकर अपनी स्थिति को काफी बेहतर बनाया। जिसे इस परिणाम को मुख्यमंत्री और गठबंधन दोनों के लिए यह उपलब्धि काफी सुखद रही थी।

# नाथु सिंह मीणा ने अपने बेहतरीन कार्यो से बनायी है अपनी सशक्त पहचान

**बिनय मिश्रा**

,1

**सरकारी** सेवा में तबादला ओर पदस्थापना सामान्य प्रक्रिया है किन्तु कुछ ऐसे अधिकारी होते हैं जो अपने बेहतर कार्यप्रणाली से लोकप्रिय रहने के साथ-साथ अपनी उपलब्धि रहने के कारण हमेशा सशक्त पहचान बनाने में सफल रहते हैं। जी हाँ! हम बात कर रहे हैं भारतीय पुलिस सेवा 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी नाथु सिंह मीणा की। श्री मीणा झारखण्ड के उन सफलतम आईपीएस अधिकारी में शामिल हैं जहां भी वे पदस्थापित रहें अपनी बेहतर कार्यप्रणाली से जिला को बेहतर पहचान दी। श्री मीणा गोड्डा में लगभग दो वर्ष तक पदस्थापित रहें और अपने बेहतर कार्य के फलस्वरूप उन्होंने गोड्डा में अपराध नियंत्रण जिला के सभी थानों में बेहतर कार्यप्रणाली का सृजन। आम लोगों की पीड़ा और



समस्या दूर करने के लिए किये गये कारगर पहल काफी सफल रहें। श्री मीणा गोड्डा में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक वाईएस रमेश से अपना पदभार ग्रहण किया था। इससे पूर्व वे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर भी रहें। श्री मीणा नक्सल विरूद्ध अभियान और नक्सलियों के विरूद्ध कारगर मुहिम चलाने के लिए भी विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरूचरण के अंगरक्षक की हत्या नक्सलियों के द्वारा कर दिये जाने के फलस्वरूप श्री मीणा को विशेष तौर पर ग्रामीण एसपी जमशेदपुर रहते हुए नक्सलियों के विरूद्ध अभियान चलाने की जवाबदेही सौंपी गयी थी जो इनके बेहतर कार्यदक्षता का परिचायक है। वहीं श्री मीणा चक्रधरपुर में दो वर्ष तक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सह सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में भी पदस्थापित रहें। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा, अजय लिण्डा के साथ भी नक्सलियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान काफी उपयोगी और कारगर रहें तथा नक्सलियों को बैकफुट पर जाना पड़ा था। श्री मीणा की प्रथम पदस्थापना स्थल गिरिडीह भी रही जहां इन्होंने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार झा के साथ भी अपने बेहतर कार्यप्रणाली के फलस्वरूप गिरिडीह में लोकप्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान बनाने में सफल रहें। ऐसे आईपीएस अधिकारी से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## टीमवर्क और दृढ़ता का मूल्य सिखाता है खेलकूद : विवेक प्रधान



**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर शिक्षकों ने माल्यार्पण किया। खेल दिवस पर स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिता वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, शतरंज, दौड़ आदि का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने इन खेलों में दमदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में लड़कियों के वर्ग में बिरसा मुंडा हाउस ने आरएन टैगोर हाउस को पराजित कर फाइनल जीता। जबकि लड़कों के वॉलीबॉल में आरएन टैगोर ने मदर टेरेसा हाउस को हराकर खिताब जीता। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य विवेक प्रधान ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होने पर जोर दिया। इसके लिए खेलकूद और योग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि खेलकूद हमें टीम वर्क और दृढ़ता का मूल्य भी सिखाता है। खेल दिवस सभी उम्र के लोगों को खेल के प्रति रुचि लेने के लिए प्रेरित करता है। निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने 1928, 1932 और 1936 में भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने अपने करियर में 400 से अधिक गोल किये। खेल दिवस खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मान देने और खेलकूद की भावना को बढ़ावा देने का बड़ा अवसर है।

### वोट बैंक की राजनीति का दंश झेल रहा सरखुटोली

# कई सालों से खराब पड़ा है ट्रांसफार्मर, बिजली के अभाव में अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीण

**ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी से सुनाई अपनी आपबीती ◀ जन कल्याण के लिए समस्या का निदान करना, हमारा कर्तव्य है: भाजपा नेत्री**

**सिमडेगा :** भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी जन कल्याण की ओर कदम बढ़ाते हुए, ग्रामीणों के बुलावे पर पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत सरखुटोली पहुंची। जहां कई सालों से ट्रांसफार्मर खराब है और ग्रामीणजन बिजली के अभाव में रात के अंधेरे में जिंदगी गुजारने को विवश हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जुलाई 2022 से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। कई जनप्रतिनिधियों को हम सभी ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन के माध्यम से ट्रांसफार्मर खराब होने तथा गाँव मे बिजली बहाल करने का भरसक प्रयास किया। लेकिन किसी ने हमारी समस्या का निदान नही किया। वोट बैंक की राजनीति का दंश हम ग्रामीण झेलते रहें। 19 सितंबर 2022 को हमलोगों ने बिजली विभाग सिमडेगा को खराब पड़े ट्रांसफार्मर को पहुंचा दिया। गाँव वालों में विश्वास जगा कि अब हमारे गांव को जल्द हीं नया ट्रांसफार्मर मिल जाएगा, जिससे बिजली की समस्या से निजात मिलेगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। बिजली विभाग के द्वारा भी हमारी समस्या को गंभीरता से न लेने के कारण आज ये दिन देखना पड़ रहा है। आश्वासन



देने के सिवाए आजतक बिजली की समस्या का निदान नही हुआ।

ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री में एक उम्मीद की किरण देखी और सरखुटोली गांव में बिजली बहाल करने की उम्मीद जताते हुए आवेदन दिया। भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी ने ग्रामीणों से कहा कि जिन नेता, विधायक के चलते आप लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। उन्हें चुनाव के समय सबक अवश्य सिखाएं। मैं आपकी बेटी आपकी समस्याओं के निदान का सारथी बनूँगी। झारखण्ड राज्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में सुदूरवर्ती गाँव तक बिजली पहुंचाने का कार्य जोर-शोर से हो रहा था। मंशा थी कि हमारा एक भी गाँव बिजली से वंचित न रहें। परंतु यदा-कदा कारणों से राज्य में भाजपा की सरकार जाते हीं, गांवों में बिजली बहाल की प्रक्रिया में अंकुश लग गया। हेमंत सोरेन के गठबंधन सरकार में जनता को न हीं मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है और ना हीं ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो रहा है। आप लोग भरोसा रखें, इस बार जनता झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना के रहेगी और डबल इंजन की सरकार में सिमडेगा की जनता और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बिजली विभाग से संपर्क कर जल्द नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर, गाँव में बिजली बहाल कराने का कार्य करूँगी। इस बाबत ग्रामीणों के चेहरे में खुशी की नई उम्मीद जगी। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी भी उपस्थित थीं। उन्होंने भी ग्रामीणों को भरोसा जताया कि आपकी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा।